वर्ष 23, अंक 357, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 17 जनवरी 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## '300 यूनिट मुफ्त बिजली, 500 में सिलेंडर और फ्री राशन किट

### दिल्ली के लिए कांग्रेस की 3 नई गारंटी



**नई दिल्ली**

**6 जनवरी** को, कांग्रेस ने अपनी 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की, जिसमें सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये का मासिक मौद्रिक अनुदान देने का वादा किया गया। कांग्रेस ने कहा कि अगर वह दिल्ली में सत्ता में आई तो वह शहरवासियों को 500 रुपये का एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। यह घोषणा तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने की, जो यहां एआईसीसी दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना में चुनाव के समय जनता से जो वादे किए थे, हमने वो सभी पूरा करने की कोशिश की है। इसी तरह हमने दिल्ली की जनता से भी जो वादे किए हैं, वो पूरा कर दिखाएंगे।

6 जनवरी को, कांग्रेस ने अपनी 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की, जिसमें सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये का मासिक मौद्रिक अनुदान देने का वादा किया गया। 8 जनवरी को पार्टी ने अपनी 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उसने 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। पार्टी ने रविवार को दिल्ली में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक हर महीने 8,500 रुपये देने का भी वादा किया। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को पांच और उम्मीदवार घोषित किए। पार्टी ने 70 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए अब तक कुल 68 उम्मीदवार घोषित कर दिए है। इससे पहले चार अलग-अलग सूचियों में कुल 63 प्रत्याशी घोषित किए गए थे। कांग्रेस उम्मीदवारों की इस पांचवीं सूची में कुल पांच नाम शामिल हैं। पार्टी ने बवाना से सुरेंद्र कुमार, रोहिणी से सोमेश गुप्ता, करोल बाग से राहुल धानक, तुगलकाबाद से वीरेंद्र बिधूड़ी और बदरपुर से अर्जुन भड़ाना को उम्मीदवार बनाया है।

## सरकारी कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात: कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को दी मंजूरी

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है और केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है. केंद्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनधारी बेसब्री से 8वें वेतन आयोग का इंतजार कर रहे थे और सरकार ने इनको ये सौगात दे दी है. जल्दी ही इसके लिए कमिटी का गठन होगा और 8वें वेतन आयोग को बनाने की प्रक्रिया चालू कर दी जाएगी. आज केंद्रीय कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई और इसमें इस पर मंजूरी दे दी गई.

लंबे समय से हो रही मांग

केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों ने इसके लिए कैबिनेट सचिव से मिलकर 8वें वेतन आयोग का गठन





करने की मांग की थी और लगातार ये संगठन सरकार के सामने 8वें वेतन आयोग के गठन का दबाव बना रहे थे.

7वां वेतन आयोग 1 जनवरी 2016 से लागू

देश में 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था. इससे लगभग 1 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा था. चूंकि हर 10 साल में वेतन आयोग लागू किया जाता है ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी. इससे न्यूनतम वेतन और पेंशन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है.

कब हुआ पिछले आयोग का गठन?

सातवें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 28 फरवरी 2014 को किया गया था. सातवें वेतन आयोग ने अपनी सिफारिशें उसके करीब डेढ़ साल बाद नवंबर 2015 में केंद्र सरकार को सौंप दी थी. उसके बाद 1 जनवरी 2016 से 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो गईं, जो अभी तक लागू हैं।

## आरजी कर मामलाः जूनियर डॉक्टरों आंदोलन में शामिल चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोलकाता। सरकारी** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला डॉक्टर के साथ 2024 में हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक असफाकउल्लाह नैया को पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। असफाकउल्लाह नैया को जारी की गई कारण बताओ नोटिस की कॉपी आईएएनएस के पास उपलब्ध है। नैया के खिलाफ यह नोटिस एक शिकायत के आधार पर जारी की गई है, जिसमें कहा गया कि वह राज्य में एक निजी चिकित्सा सेवा प्रदाता के यहां ईएनटी विशेषज्ञ के रूप में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जबकि उनके पास इसके लिए आवश्यक योग्यता नहीं है। कारण बताओ नोटिस में राज्य चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार मानस चक्रवर्ती ने बताया है कि चूंकि नैया की वर्तमान योग्यता एमबीबीएस की मूल डिग्री है और वह ईएनटी विशेषज्ञ में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर कर रहे हैं, इसलिए वह खुद को ईएनटी सर्जन होने का दावा नहीं कर सकते। कारण बताओ नोटिस में कहा गया है, "भारतीय चिकित्सा परिषद विनियम, 2002, अध्याय-7 के बिंदु 7.20 के अनुसार, कोई भी चिकित्सक तब तक विशेषज्ञ होने का दावा नहीं कर सकता जब तक कि उसके पास उस शाखा में कोई विशेष योग्यता न हो।"

## भ्रष्टाचार की गंगोत्री हो चुका है बिहार : तेजस्वी



**गया। बिहार विधान**सभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में बिहार सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिहार भ्रष्टाचार के मामले में गंगोत्री हो चुका है। तेजस्वी यादव यहां कार्यकर्ता दर्शन और संवाद यात्रा को लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि नीतीश कुमार बिहार दर्शन के लिए निकले हैं, जिसमें अरबों रुपए की बबार्दी हो रही है। बिहार गरीब राज्य है। उन्होंने विशेष राज्य के दर्जे की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में एनडीए की सरकार है, इसके बावजूद बिहार सरकार प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग नहीं कर रही।

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस दौरान एक बार फिर डी के टैक्स की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार को 'डीके बॉस' चला रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में सबूत पेश कर जल्द पदार्फाश करेंगे।

दिल्ली चुनाव को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राजद दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ रही है। इंडिया गठबंधन के दिल्ली में टूटने के सवाल पर उन्होंने अपने अंदाज में कहा, " छोड़िए दिल्ली को, बिहार में तो इंडिया गठबंधन है न।"

उन्होंने कहा कि महागठबंधन की 17 महीने की सरकार में हमने पांच लाख नियुक्ति पत्र राजधानी के गांधी मैदान में बांटे, लेकिन आज उसी गांधी मैदान में अभ्यर्थियों के ऊपर कड़ाके की ठंड में पानी की बौछार और लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में जो तीन लाख नौकरी का प्रस्ताव रखा गया था।

## सपा सरकार आने पर अयोध्या को बनायेंगे वर्ल्ड क्लास सिटीः अखिलेश यादव



**अयोध्या। योगी** सरकार से अयोध्या के किसानो को उनकी जमीन का मुआवजा बाजार मूल्य पर देने की मांग करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि 2027 में प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार आने पर अयोध्या को विश्व स्तरीय शहर बनाया जायेगा।

अखिलेश यादव ने पार्टी के प्रदेश दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में पीडीए समर्थित सपा उम्मीदवार रिकार्ड जीत दर्ज करेगा। उन्होने यह भी कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी (आप) को है मगर इसका यह मतलब नहीं है कि वे कांग्रेस के विरोध में है। पीडीए की मजबूती के लिये चुनाव जिताऊ क्षेत्रीय दलों का साथ देना पार्टी की रणनीति का हिस्सा है।

उन्होने कहा कि भाजपा से अयोध्या के किसान दुखी और परेशान है। उन्हे उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसानो की जमीन को छीन कर सरकार फाइव स्टार होटल बना रही है। उनकी मांग है कि सरकार किसानो को अधिग्रहित जमीन का बाजार मूल्य में भुगतान करे। प्रभु राम की नगरी में फाइव स्टार होटलो के बजाय धर्मशाला और आश्रम होने चाहिये। सरकार यह बताये कि बगैर बॉर के फाइव स्टार होटल हो सकते हैं क्या।

अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी विकास की विरोधी नहीं है। सपा सरकार के समय हुये विकास कार्य आज भी लोगों को दिख रहे हैं। भाजपा को अगर विकास चाहिये तो उसे समाजवादियों की डगर पर चलना ही पड़ेगा। 2027 में पीडीए की सरकार आने पर अयोध्या का समुचित विकास किया जायेगा और उसे वर्ल्ड क्लास सिटी बनाया जायेगा।

## दिल्ली में कांग्रेस के प्रति लोगों का समर्थन बढ़ाः संदीप

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन का दौर जारी है। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने गुरुवार को आईएएनएस से बात की और दिल्ली में कांग्रेस के प्रति लोगों के समर्थन बढ़ने की बात कही।

कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने कहा कि वह पार्टी की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। निवासियों से उनकी मुलाकातों से कांग्रेस के प्रति सकारात्मक सोच का पता चला है।

उन्होंने कहा, "मुझे कांग्रेस की संभावनाओं के बारे में बहुत अच्छा लग रहा है। कई लोगों से मिलने



और अन्य राजनीतिक दलों के बारे में उनकी राय जानने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कांग्रेस के लिए समर्थन बढ़ रहा है।"

संदीप दीक्षित ने कहा, "चुनावों के लिए अपना नजरिया बनाने में जनता के मूड को समझना महत्वपूर्ण था। मेरा मानना है कि मतदाता सरकार के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं।"

भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के जूते बांटने के कृत्य की कांग्रेस प्रत्याशी ने आलोचना की। उन्होंने कहा, "ये कार्य समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध किसी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते हैं। हमारा ध्यान जन सेवा पर है, दान देने पर नहीं। राजनीतिक नीतियों पर चर्चा होनी चाहिए। अगर कुछ मतदाता भी प्रलोभन के आधार पर अपना वोट बदलते हैं, तो यह लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है।"

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले के लिए गृह मंत्रालय द्वारा दी गई मंजूरी पर संदीप दीक्षित ने कहा कि "गोवा और पंजाब में चुनावों के दौरान चल रही ।

## 2 से ज्यादा बच्चे होने पर ही लड़ पाएंगे चुनाव

### चंद्रबाबू नायडू लेने जा रहे एकदम अलग फैसला

**आंध्र प्रदेश**

**नायडू** ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोई व्यक्ति तभी सरपंच, नगर निगम पार्षद या मेयर बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों, यह संकेत देते हुए कि यह गिरती जनसंख्या को रोक देगा। नायडू ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर निगम पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन पाएंगे जब आपके दो से अधिक बच्चे होंगे।

सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। उन्होंने कहा, "आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक ??कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं



आते।" नायडू ने कहा, सभी देशों ने यह गलती की है और हमें सही समय पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति हाथ से बाहर हो गई।

दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन जगहों पर लोगों को आबादी कम होने के खतरे का एहसास नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल धन पैदा करने, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया।

इस महीने की शुरूआत में, नायडू ने गिरती जन्मदर पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्मदर में गिरावट आई है।

## सैफ अली खान पर हमला किसी अंदरूनी साजिश का नतीजा?

### मामले को सुलझाने के लिए 10 टीमें गठित

**मुंबई**

**अभिनेता** सैफ अली खान पर गुरुवार देर रात उनके मुंबई स्थित आवास पर चाकू से हमला किया गया। इसके बाद अभिनेता को गंभीर हालत में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी सर्जरी पूरी हो चुकी है और वे खतरे से बाहर हैं। अभिनेता सैफ अली खान पर गुरुवार देर रात उनके मुंबई स्थित आवास पर चाकू से हमला किया गया। इसके बाद अभिनेता को गंभीर हालत में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी सर्जरी पूरी हो चुकी है और वे खतरे से बाहर हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि घर में घुसे एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला किया। अज्ञात व्यक्ति चोरी के इरादे से घर में घुसा था। लेकिन इससे पहले कि वह कुछ चुरा पाता, सैफ और करीना की नौकरानी ने उसे देख लिया। नौकरानी को बचाने आए सैफ अली खान भी हादसे का शिकार हो गए और हमलावर ने उन पर हमला कर दिया। सैफ पर चाकू से 6 बार वार किए जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डीसीपी दीक्षित गेदम ने मामले पर कुछ बड़े खुलासे किए। मुंबई पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में 2 संदिग्धों को देखा है और उनमें से एक की पहचान हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति बगल की बिल्डिंग से कूदकर सैफ अली खान की बिल्डिंग में आया था। वह सीढ़ियों की मदद से घर में दाखिल हुआ। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति दूसरी बिल्डिंग के कंपाउंड से सैफ की



बिल्डिंग में घुसा। डीसीपी ने यह भी कहा कि इस जांच के लिए 10 टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने यह भी कहा कि वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू टूटा हुआ है।

मुंबई पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि हमले के वक्त करीना कपूर घर पर ही थीं।

## डबल इंजन सरकार न तो सुशासन दे सकती और न सुरक्षा, सैफ अली खान पर हमले से तमतमा गए केजरीवाल

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार पर बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने की कोशिश के मद्देनजर मुंबई में लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता ने कहा कि आज सुबह हमें चौंकाने वाली खबर मिली कि सैफ अली खान को अज्ञात लोगों ने चाकू मार दिया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएं लेकिन यह चिंता की बात है कि इतने बड़े अभिनेता जो इतनी सुरक्षित जगह पर रहते हैं, उनके घर पर



इस तरह से हमला किया जाता है, इससे राज्य और केंद्र सरकार पर सवाल खड़े होते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि इससे पहले सलमान खान पर हमला हुआ था, बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई थी। अगर सरकार इतनी बड़ी हस्तियों को सुरक्षा नहीं दे सकती तो आम लोगों का क्या होगा? हर दिन वे (भाजपा) कहते हैं कि वे भारत बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। अगर वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल ने तंज सकते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार न तो सुशासन दे सकती है और न ही लोगों को सुरक्षा। इससे पहले दिन में, सैफ अली खान की टीम ने एक बयान जारी कर कहा था कि अभिनेता खतरे से बाहर हैं और फिलहाल ठीक हो रहे हैं। बयान में कहा गया, "सैफ अली खान सर्जरी से बाहर आ गए हैं और खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उनकी हालत में सुधार है और डॉक्टर उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ के भिलाई में मशीन में फंसने से युवक की हुई मौत

अखंड भारत संदेश



सिरोखर गांव में मृतक के घर जुटी लोगों की भीड़ व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**पसना,कोरांव।** थानांतर्गत सिरोखर गांव निवासी एक युवक की भिलाई स्थित एक कंपनी में हुए हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार सिरोखर गांव का अजय उर्फ जनार्दन शुक्ल उम्र 35 भिलाई में रहकर किसी अल्मोनियम तार कंपनी में मशीन ऑपरेटर की नौकरी करता था। बुधवार की भोर में काम करते वक्त मशीन में शाल फंस जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी स्टाफ द्वारा आनन फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार सुबह शव घर आने पर घर वालों का करुण क्रंदन सुनकर हर व्यक्ति की आँखें नम थी। युवक स्वभाव से बहुत ही मिलनसार व सामाजिक व्यक्ति था। दो भाइयों में बड़े मृतक के दो बच्चे अंश 14व अंशिका 9 साल की थी। मृतक की पत्नी उषा व दोनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# फारमर रजिस्ट्री को लेकर गांव का किसान हो रखा है परेशान

- जिम्मेदार अपने कार्यालय पर मीटिंग तक सीमित, सरकार के आदेश सिर्फ जमीनी हकीकत में हवा हवाई
- जन सेवा केंद्र पर रजिस्ट्रेशन के नाम पर मचाई लूट

अखंड भारत संदेश

**बारा।** सरकार ने सभी किसानों को फारमर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया है।माह दिसम्बर के अंतिम सप्ताह से शुरू होकर 31 जनवरी तक हो जाने का समय निर्धारित किया है।आज तक गांव के किसान को ए नही पता है कि हो ता कैसे और कहाँ हैं। गांव में किसी प्रकार की सूचना व जागरूकता अभियान तक नही चलाया गया। न ही मुनियादी कराई गई न ही जिम्मेदारों ने बताना वाजिब समझा है। इसके वजह से अनपढ़ किसान कही इधर तो कही उधर भटक रहे है।

सरकारी ब्यवस्था शून्य जन सेवा केंद्र पर किसान परेशान किसी से 50 रुपये तो किसी से 100 रुपये लिए जा रहे है। तहसील के तरफ से चयनित है जनसेवा केंद्र लेकिन जिस गांव में चयनित नही है फिर भी खुल रखा है जनसेवा केंद्र उस केंद्र पर लूट मची है। कितना रजिस्ट्रेशन के नाम का पैसा लेना है न कही बोर्ड लगा है न ही कही बैनर सिर्फ मनमर्जी का स्वंय का रेट है।

सर्वर न होने से जनसेवा संचालक भी परेशान है दिन में बिल्कुल नही चलता है रात 11 बजे के बाद कुछ सर्वर अगर चला भी तो ओ टी पी देने के समय किसान सोया रहता है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसान समस्या से परेशान है।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व प्रधानाचार्य शत्रुबधन सिंह के बड़े बेटे दुर्गेश ने दी मुखाग्नि, डेंगूरपुर गंगा घाट पर किया गया अंतिम दाह संस्कार

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा के कोसड़कला ग्राम पंचायत बेलहा गांव निवासी शत्रुबधन सिंह उम्र (80) का लम्बी बीमारी के बाद बुधवार 15 जनवरी दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे निधन हो गया वे लम्बे समय तक गोपाल इंटर कॉलेज कोरांव में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहे और सेवानिवृत्त सन 2008 के बाद घर पर ही रहकर अपना पूरा जीवन सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में बिताए। वे अत्यन्त ही मिलनसार, मृदुभाषी एवं समाज से जुड़े व्यक्ति थे। इनके तीन बेटे दुर्गेश सिंह, योगेश सिंह, रितेश सिंह है। उनका दाहसंस्कार गुरुवार को डेंगूरपुर गंगा घाट पर किया गया वही उनके बड़े बेटे दुर्गेश सिंह ने नम आँखों से मुखाग्नि दी। उनकी अन्तिम यात्रा में अरुण सिंह, भारत सिंह, सुरेश सिंह, किसान युवा मोर्चा यमुनापार अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, ग्राम प्रधान दरबारी लाल पटेल, के.पी. सिंह, महेंद्र प्रसाद आदि सैकड़ों सम्मानितगणों ने शोक व्यक्त कर उनके दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### कोरांव विधान सभा में बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह



**कोरांव।** बृहस्पतिवार को मण्डल के सम्मानित बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह में विधायक कोरांव राजमणि कोल का स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित मण्डल कोरांव के बूथ अध्यक्ष गण व सम्मानित पदाधिकारी गण व सम्मानित शक्ति केंद्र संयोजक गण व वरिष्ठ पत्रकार गण व सम्मानित अतिथि गण का से धन्यवाद और समान किया गया। बबुआ द्विवेदी नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष ने सभी का हृदय से आभारी व्यक्त किया और बोले कि आप सभी की उपस्थिति हमारे हौसले को बढ़ाती हैं ।आप सभी का स्नेह सहयोग व आशीर्वाद हमेशा हमारे ऊपर बना रहे। हनुमान जी कृपा से सभी खुशहाल रहे।

### चिलौड़ा पंचायत सचिवालय पर छय रोग के प्रति लोगों को जागरुक करते को सीएचओ नवरत्न प्रजापति



**सहसों।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलक कार्यक्रम के अंतर्गत सौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत चिलौडा तथा सेमरी ग्राम पंचायत स्थित आरोग्य मंदिर में छय रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नवरत्न प्रजापति ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि छय रोग का समय रहते यदि जांच पड़ताल के पश्चात दवाएं प्रारंभ कर दी जाएं तो इसका आसानी से निदान संभव है। उन्होंने कहा कि लोग जागरुक होकर इनमें होने वाले लक्षणों जैसे लंबे समय तक खांसी आना, बुखार का रहना, वजन का काम होना आदि हो रहा है तो तत्काल समीप के आरोग्य मंदिर में जाकर बलगम सहित अन्य की जांच करा कर रोग मुक्त हो सकते हैं। सरकार रोगी को दवा के साथ पोषण के लिए भी धनराशि उपलब्ध कराती है। जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल, ग्राम प्रधान बलवीर यादव, एएनएम मंजू सिंह, आशा गीता कुशवाहा, अरविंद मौर्या आदि उपस्थित रहे।

### 35 वर्षीय युवक का मिला शव

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव में गुरुवार की सुबह एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना पर पहुची पुलिस ने युवक के शव की पहचान कराने की कोशिश की तो पता चला कि यह विछिप्त था काफी दिनों से यही भटक रहा था। पुलिस ने शव को अज्ञात में पंचनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया।

# भाजपा नेता के पिता राज बहादुर मिश्रा का निधन

**सिरसा।** विकास खण्ड उरुवा ग्राम सभा भुइपारा परानीपुर मेजा प्रयागराज का निधन हो गया। राजबहादुर मिश्रा 87 वर्ष बहुत दिन से बीमार चल रहे थे। आज सुबह उनकी मृत हो गयी। इनके बेटे ओमप्रकाश मिश्रा जिला संयोजक NGO प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के हैं। पूज्यनीय पिता का निधन आज दिनांक 16 जनवरी 2025 दिन बृहस्पतिवार को समय सुबह 5 बजे ग्राम सभा भुइपरा परानीपुर मेजा प्रयागराज में हुआ। इनका अंतिम संस्कार परानीपुर घाट पर हुआ। अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित आशीष सिंह पटेल मण्डल अध्यक्ष उरुवासुधाकर शुक्ल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, नरेंद्र तिवारी पूर्व मंत्री, राकेश मिश्रा पूर्व महामंत्री, विनोद विश्वकर्मा मण्डल अध्यक्ष सिरसा पिमो, सुरेश सिंह पटेल प्रभारी मेजा, राममिलन गुप्ता उपाध्यक्ष, इम्तियाज अहमद अपसंख्यक मण्डल अध्यक्ष आदि बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# खेल से युवाओं का होता है शारीरिक और मानसिक विकास : रुचि तिवारी

## मेजा के तेंदुआ गांव में सभ्य सपोर्टिंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित टूनार्मेंट का हुआ समापन

- फाइनल मुकाबले में सोनू इलेवन चपरतला की टीम ने संजय टीटी रसौली की टीम को हराकर बनी विजेता,अभिषेक यादव को मैन ऑफ द मैच तथा विनीत मिश्रा को मैन ऑफ द सीरीज का मिला खिताब

अखंड भारत संदेश




विजेता टीम को पुरस्कृत करतीं मुख्य अतिथि रूचि अभिषेक तिवारी

**मेजा।** सभ्य स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब तेंदुआ मेजा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला और समापन समारोह गुरुवार को बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि धीतेश तिवारी धीरू, प्रधान चनैनी करछना रहे।

उल्लेखनीय है कि सभ्य सपोर्टिंग क्रिकेट क्लब तेंदुआ द्वारा आयोजित फाइनल मैच गुरुवार को संजय टीटी रसौली और सोनू इलेवन चपरतला के बीच खेला गया। इस दौरान पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनू इलेवन चपरतला ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। जवाब में संजय टीटी रसौली की टीम 7 विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी और 11 रनों से हार गई। गौरतलब है कि फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिषेक यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला, जबकि पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन खेल दिखाने वाले चपरतला टीम के खिलाड़ी विनीत मिश्रा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किया तत्पश्चात अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस टूनार्मेंट का आयोजन क्षेत्रीय युवाओं को प्रोत्साहन देने और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने का बेहतरीन प्रयास है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करता है, बल्कि यह अनुशासन और एकता की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने आगे कहा जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन असली खिलाड़ी वह है जो हर परिस्थिति में अपनी खेल भावना बनाए रखता है। मैं खिलाड़ियों से कहना चाहती हूं कि आप अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने क्षेत्र, बल्कि देश का नाम रोशन करें। शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती तिवारी ने समारोह के आयोजकों और सभी प्रतिभागियों को इस आयोजन की सफलता के लिए एवं उन्हें आमंत्रित करने के लिए आभार प्रकट किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि धीतेश तिवारी धीरू ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल से समाज में सकारात्मकता और अनुशासन का प्रसार होता है। समारोह का समापन खिलाड़ियों, दर्शकों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। यह टूनार्मेंट क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

# मॉडल शॉप की प्रस्तावित भूमि पर रोक के बावजूद अवैध निर्माण

## पुलिस, राजस्व, ग्राम पंचायत, प्रशासन का नहीं दिख रहा खौफ

- तहसीलदार कोरांव ने राजस्व, पुलिस बल को घ्वस्तिकरण का दिया आदेश

अखंड भारत संदेश




मॉडल शॉप की प्रस्तावित भूमि पर अवैध निर्माण का दृश्य

**कोरांव।** तहसील कोरांव में स्थित ग्राम पंचायत अलहवा में स्थिति मुख्य स्टेट हाईवे मार्ग के डी रोड पर नवीन परती भू खंड संख्या 280 पर भू अतिचारी जबरन अवैध निर्माण कर रहे हैं जब कि लेखपाल और पुलिस तथा प्रधान ने अवैध निर्माण कार्य को रोक रखा गया है।

बता दें कि ग्राम सभा अल्हवा की उक्त भूमि पर राजस्व टीम द्वारा सीमांकन कराया गया है और ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति विभाग को मॉडल शॉप हेतु प्रस्तावित कर दिया गया है। तहसीलदार कोरांव और नायब तहसीलदार ने उक्त निर्माण कार्य तत्काल रोकने और जेसीबी से ध्वस्त कराने का आदेश भी राजस्व कर्मी को दे दिया है।फिर भी रात्रि में अवैध निर्माण कार्य कर लिया गया।

ग्राम प्रधान अल्हवा अनुसार न तहसील के अफसरों राजस्व कर्मियों को सरकारी संपत्ति पर हो रहे दोहन को रोकने का कोई गम है और न ही भू माफियाओं को अतिक्रमण करने का किसी का खौफ है। भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा ने तहसील प्रशासन की उपेक्षा के चलते राजस्व विभाग की संपत्तियों के दोहन होने का आरोप लगाया है। और डीएम प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराया है।

तहसीलदार कोरांव ने बृहस्पतिवार को राजस्व निरीक्षक और लेखपाल तथा थाना प्रभारी कोरांव को अवैध किए गए उक्त नव निर्माण कार्य को ध्वस्त करने का आदेश दे दिया है। टीम को शुकरवार को आदेश का पालन सुनिश्चित करने की कहा है।

# करंट की चपेट में आने से महिला नाजुक निजी अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** कपड़ा प्रेस करते समय अचानक प्रेस में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला बेहोश हो गई।जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा के देवापुर गांव निवासी कन्हैयालाल के यहां प्रतापगढ़ से आयी रिश्तेदार महिला ऊषा देवी कपड़ा पर प्रेस कर रही थी। बताया गया है कि अचानक प्रेस में करंट उतर आने से महिला को करंट लगने से वह बेहोश हो गई। जिसे पहले गांव के डाक्टर के पास ले जाया गया। डाक्टर के जवाब देने पर ऊषा देवी को प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# भक्त की निस्छल भावना निर्गुण निराकार ब्रह्म को सगुण साकार बना देती है : पं निर्मल शुक्ल




**पसना, कोरांव।** वैसे तो वेदों पुराणों ने बार बार ब्रह्म को निर्गुण निराकार आज अनादि अचिंत्य अरूप अलेप और अब्यक्त अजन्मा कह कर पुकारा है किन्तु उसी अव्यक्त ब्रह्म को भक्त अपनी भावना और रुचि के अनुसार सगुण साकार बनने पर विवश कर देता है।पं संतोष तिवारी के यजमानत्व में चल रही भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल जनसमूह के समक्ष उक्त उद्गार व्यक्त किया।आप ने कहा कि वसुदेव देवकी ने यद्यपि भगवान को प्रकट किया किन्तु भगवान का बाल सुख तो नंद यशोदा ने प्राप्त किया। परमात्मा को पाने के लिए जन्म जन्मांतर साधना करना पड़ता है फिर भी वह मिल ही जाएंगे ऐसा दावा नहीं किया जा सकता।जनम जनम मुनि जतन कराहीं। लेकिन ,,अंत राम कहि आवत नाहीं। वही परब्रह्म परमात्मा नंद यशोदा के यहां बिना बुलाए मेहमान जैसे आ गया इसका कारण यह है कि ए पति पत्नी नंद और यशोदा हैं।नंद का तात्पर्य जो जगत को आनंद प्रदान करे और यशोदा याने जो जगत को यश दे। यदि पति संसार को आनंद बांटने लगे पत्नी यश बांटने लगे तो उन्हें भगवान को खोजने नहीं जाना पड़ता अपितु परमात्मा स्वयं उन्हें खोजता हुआ आ जाता है?।आश्चर्य यह हुआ कि जो परमात्मा सारे जगत का भरण पोषण करता है जिसे शास्त्रों में विश्वंभर कहा गया वह यशोदा के सामने भूख से विकल हो जाता है यशोदा मैया निरंजन की आंखों में अंजन लगाती हैं और जो परमात्मा सारे जगत को अपनी माया से नचाता है वह आज एक चुल्लू छांछ के लिए गोपियों के द्वार पर नाच रहा है। काल भी जिसके भय से भयभीत रहता है आज यशोदा के डर से वह भाग रहा है।

इससे पूर्व महराज श्री ने गजेन्द्र मोक्ष सुनाते हुए बड़ी ही करुण कथा का वर्णन किया सारे श्रोता भावविभोर हो गये। आपने कहा कि ध्रुव प्रह्लाद आदि पर भगवान ने कृपा किया तो वे उसके अधिकारी थे उन्होंने भगवान के लिए अपने प्राणों तक की बाजी लगा दिया था किन्तु गजराज तो बिल्कुल अनधिकारी था।इसने जीवन में कभी जप तप ध्यान धारणा दान पुण्य और सत्संग नहीं किया था।आज प्राण संकट आने पर विवश होकर शुद्ध भाव से भगवान को पुकारा और वो तत्काल प्रकट हो गए ग्राह का संहार करके गजेन्द्र को मुक्त कर दिया।

वामन अवतार मत्स्य अवतार आदि की मनोहारी कथा सुनाते हुए आपने कृष्ण जन्म के पहले रामावतार की कथा का भाव पूर्ण वर्णन किया। कृष्ण से पहले राम चरित्र का कारण बताते हुए महराज श्री ने कहा कि जब मानव राम चरित सुनकर उनके आदर्शों को जीवन में उतार लेता है तब कृष्ण कथा का अधिकार मिलता है।राम का चरित्र सत्य वादिता एक पत्नी व्रत पालन माता पिता की आज्ञा पालन प्रजा वत्सलता आदि गुणों का श्रोताओं के मन में जब प्रवेश हो जाता है तब जीव कृष्ण का चरित्र समझ पाता है।यह चरित्र इतना गहन है कि ब्रह्मा और इंद्र को भी इसमें मोह हो जाता है।

कथा के अंत में धूम धाम से नंद महोत्सव मनाया गया श्रोताओं ने बाल कृष्ण की दिव्य झांकी का दर्शन लाभ लिया।कथा यजमान संतोष तिवारी गंगाप्रसाद तिवारी शिवम तिवारी ने कथा व्यास और समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। यजमान के मार्गदर्शक योगेश्वर द्विवेदी व महेंद्र मिश्र ने समस्त क्षेत्रवासियों से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर कथामृत पान करने का आग्रह किया है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक रहेगा।

# चनेथू में शिव मंदिर की स्थापना पर तिवारी बंधु का सांस्कृतिक कार्यक्रम





**जंघई।** कैलाश नाथ ओझा एवं कृष्णकांत जज्जे ओझा द्वारा अपने माता-पिता दौलत्ती देवी एवं पंडित कामता प्रसाद ओझा की पुण्य स्मृति में नव निर्मित शिव मंदिर चनेथू शुक्लान गांव में देव के देव महादेव मंदिर में वेदी पूजन, शंकर भगवान की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम अन्नभिषेक, जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक एवं नगर भ्रमण के साथ भव्य शोभायात्रा पूरे गांव में मंगलवार को डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई हर हर महादेव से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। आचार्यों द्वारा बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से पूजन अर्चन आरती पूणार्हुति हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया। नव निर्मित महादेव मंदिर में भोलेनाथ, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नंदी हनुमानजी की मूर्ति प्रतिष्ठित की गई है।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सुविख्यात गायक तिवारी बंधु सुजीत तिवारी एवं मंजीत तिवारी प्रयागराज द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर परिजनों में इंजीनियर चंद्रभूषण ओझा, इंजीनियर शशी भूषण ओझा, दीपक ओझा, राज भूषण ओझा, इंजीनियर बृजेश ओझा, भारत भूषण ओझा, इंजीनियर शुभम ओझा, इंजीनियर शिवम ओझा, ओम ओझा, सार्थक ओझा, शिवाय ओझा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# फोरलेन के निकट नाले की पटरी टूट जाने से बना जानलेवा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सुल्तानपुर खास स्थित पेट्रोल पंप के निकट नाले की पटरी टूट जाने से खौफनाक बन गया है। मऊआइमा के सुल्तानपुर खास स्थित फोरलेन के निकट नाले की पटरी टूट जाने से वह जानलेवा बन गया है। बताया गया है कि इस समय चल रहे महाकुंभ के कारण कोई वाहन अथवा अजनबी यदि नाले पर से गुजरा तो उसका दुर्घटना होना लाजिम है। यही नहीं रात्रि में यह जानलेवा साबित हो सकता है। हालांकि आते जाते तमाम अधिकारियों की इस नाले पर निगाह पडती होगी परन्तु वह अंजान बन जाते हैं।यदि समय रहते नाले की पटरी का मरम्मतीकरण नहीं की जाती तो किसी दिन कोई हादसा हो सकती है।

# महाकुंभ पहुंच अमृत स्नान करके जीवन हुआ धन्य



**सहसों।** प्रयागराज की पावन धरती पर महाकुंभ में देश विदेश के अलावा कई जनपदों के श्रद्धालुओं ने मां गंगा की गोद में स्नान ध्यान पूजा आर्चना कर अविभूत हुए। वहीं पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन पूजन करने के पश्चात कहा कि मेरा जीवन धन्य हो गया तथा भगवान शिव की कृपा एवं मां गंगा की कृपा से धरती पर स्वर्ग के आनंद की अनुभूति हुई। पंजाब से पधारे श्री श्री 108 सुभाष गिरी महाराज ने कहा कि भोले की मौज से एक सप्ताह पूर्व यहां आया और मां गंगा का चरण वंदन करते हुए हर-हर गंगे हर हर महादेव का उद्घोष करते आनंदित हुआ। उन्होंने अपने दरबल के साथ कुंभ नगरी में शुद्धता, स्वच्छता के साथ बह रही अविरल आध्यात्म की गंगा में गोता लगा के परमधाम की प्राप्ति महसूस हुई।हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला से आए सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने कहा सेवाकाल में भक्ति का अवसर नहीं मिला। सेवानिवृत्ति के पश्चात तीर्थ यात्रा का शुभारंभ महाकुंभ से ही शुरू किया ऐसी आनंद की अनुभूति हुई की साक्षात सभी देवी देवता इस महाकुंभ में विराजमान हैं और उनका दर्शन कर हम हमारा जीवन धन्य हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सनातन गौरव एवं महाकुंभ को विश्व पटल पर आलोकित करने के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा युग पुरुष हमेशा के लिए अजर अमर हो गए। सहसों राम जानकी मंदिर पर पहुंचे श्रद्धालु एवं साधु संतों का स्थानीय लोगों ने माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर सोहनलाल केसरवानी, चंद्रधर द्विवेदी, राजू तिवारी, विनय केसरवानी, राजेश मौर्य, शिवधारीपाल, गणेश प्रसाद, सचिन यादव, राजू यादव, सुनील पुष्कर एवं दिव्यांशु शुक्ला सहित आदि भक्त मौजूद रहे।

# गंगा पंडाल में संस्कृति का संगम, शंकर महादेवन ने 'चलो कुंभ चलें' गीत से किया मंत्रमुग्ध



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



गीत प्रस्तुत करते संगीतकार शंकर महादेवन

- कैलाश खेर, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति समेत दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुति
- गंगा किनारे अब 24 फरवरी तक बहेगी सुरों की गंगा



**महाकुंभ नगर।** महाकुम्भ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों का एक अद्भुत संगम है। गंगा पंडाल में संस्कृति विभाग के विशेष कार्यक्रम संस्कृति का संगम में प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने अपने गीतों से गंगा पंडाल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मशहूर संगीतकार शंकर महादेवन ने महाकुम्भ जैसे पवित्र आयोजन का हिस्सा बनने को अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने ₹चलो कुंभ चले₹ गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इसके बाद उन्होंने गणेश वंदना गाकर पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया

**संगम तट पर झंकृत होगी संगीत और कला की दिव्य धारा**

गंगा पंडाल में 24 फरवरी तक प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित गायक, संगीतकार और नृत्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। महाकुंभ के इस अलौकिक आयोजन में कैलाश खेर, कविता सेठ, नितिन मुकेश, सुरेश वाडेकर, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति समेत कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**आस्था, संस्कृति और परंपरा का महासंगम**

महाकुम्भ का अद्भुत रात्रि दृश्य आस्था की रोशनी से जगमगाता है, जहां लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान कर अपनी आत्मशुद्धि का अनुभव करते हैं। यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति की भव्यता को दर्शाता है, बल्कि एकता और सद्भाव का संदेश भी देता है। महाकुंभ भारतीय कला, संस्कृति और अध्यात्म का एक भव्य मंच है, जहां लोक संगीत, शास्त्रीय नृत्य और नाट्य कलाएं श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था की अद्भुत अनुभूति कराएंगी। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी, विधायक पूजा पाल समेत जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी

## बोले- महाकुम्भ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश

- 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने महाकुम्भ क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया
- योगी सरकार के भव्य आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था के कायल हुए विदेशी मेहमान
- महाकुम्भ में 21 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल का ऐतिहासिक दौरा



संगम में डुबकी लगाने पहुंचे 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल



अखाड़ों में भ्रमण करते प्रतिनिधिमंडल

अखंड भारत संदेश

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुम्भ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुम्भनगर जरूर आना चाहिए।

### संयुक्त अरब अमीरात की प्रतिनिधि बोली-एकता का प्रतीक है महाकुम्भ

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ।

### संतों के विचारों से प्रभावित हुए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, भारतीय परंपराओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ के दौरान विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुम्भ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुम्भ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### महाकुम्भ ने सिखाया कि दुनियाभर के लोग इकट्ठे हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग हो

महाकुम्भ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुम्भ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुम्भ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

### फिजी, गुयाना से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक के प्रतिनिधि पहुंचे, भारतीय संस्कृति से हुए अभिभूत

महाकुम्भ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ का दौरा करके भारतीय संस्कृति की विविधता और धार्मिक एकता का अनुभव किया। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आए।उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।



महाकुंभ में स्थापित महामृत्युंजय यंत्र

# महाकुम्भ में आलौकिक ऊर्जा का केंद्र बना महामृत्युंजय यंत्र

- संत सहजानंद के 34 वर्षों की तपस्या का प्रतिफल है श्रीयंत्र
- पूर्ण महाकुम्भ में पहली बार स्थापित किया गया है महामृत्युंजय यंत्र

अखंड भारत संदेश

**महाकुम्भ नगर।** सेक्टर 22 के संगम विहार में सिद्ध महामृत्युंजय संस्थान शिविर में 51 आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ 52 फीट लंबाई चौड़ाई और ऊंचाई के महामृत्युंजय यंत्र को स्थापित किया गया। संस्थान के पीठाधीश्वर स्वामी सहजानंद सरस्वती ने बताया यह महामृत्युंजय यंत्र महाकुम्भ में अलौकिक ऊर्जा का केंद्र साबित होगा है। 144 वर्षों के उपरांत विलक्षण ग्रह नक्षत्रों के संयोग में लगे पूर्ण महाकुम्भ में यंत्र की स्थापना पहली बार की गई है। नियमित अभिसिंचित मंत्रों द्वारा यंत्र से निकलने वाली स्पंदन को दो किलोमीटर परिधि में रहने वाले लोग सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे।

स्वामी सहजानंद ने बताया यह 34 वर्षों की तपस्या का प्रतिफल है कि जहां ब्रह्मा ने प्रथम यज्ञ किया हो वहां महामृत्युंजय यंत्र की स्थापना साकार हो सका। तीन दिन के बाद 11 लाख 11 हजार एक सौ ग्यारह रुद्राक्ष मनकें यंत्र के बीच चारों ओर रखें जायेंगे। अभिमंत्रित यंत्र की एक परिक्रमा मात्र से मनुष्य कालसर्प दोष से मुक्ति हो जाएगा तथा उसके नकारात्मक विचार सकारात्मकता में परिवर्तित हो जाएंगे। यंत्र स्थापना में शामिल हुए दिल्ली से आए प्रसिद्ध ज्योतिषी आचार्य अनिल वत्स ने बताया संपूर्ण ब्रह्मांड शिव की परिक्रमा करते हैं और जो महामृत्युंजय यंत्र की परिक्रमा कर लेगा उसे भगवान शिव की परिक्रमा के समान फल प्राप्त होगा। सद्गुरु उषा मां ने बताया महाकुम्भ पूर्णावधि उपरांत महामृत्युंजय यंत्र को हरियाणा हिसार के सरस्वती नदी के मध्य स्थापित किया जाएगा और रुद्राक्ष की मनकों को श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा। स्वामी सहजानंद महामृत्युंजय चालीसा के रचयिता भी हैं।

# महाकुंभ : संगम त्रिवेणी में 6 दिन में 7 करोड़ ने लगाई आस्था की डुबकी

## महाकुम्भ में गुरुवार को शाम 6 बजे तक 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की पावन डुबकी

- साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों ने किया संगम स्नान
- कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में नहीं दिख रही कोई कमी

राकेश गुप्ता बच्चा







**महाकुम्भ नगर।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। 11 जनवरी से 16 जनवरी के बीच महज 6 दिनों के अंदर अब तक 7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा ली है। गुरुवार को ही 30 लाख से ज्यादा लोगों ने संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य फल की प्राप्ति की। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरूआत में ही 7 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या इसी ओर इशारा कर रही है।

**महाकुम्भ में देखने को मिल रही विविध संस्कृतियों की झलक**

प्रयागराज में कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ही शाम 6 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 लाख से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो से आए स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक महाकुम्भनगर में देखने को मिल रही है।

**11 जनवरी से 16 जनवरी तक बना स्नानार्थियों का रिकॉर्ड**

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 11 जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक अब तक 7 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुम्भ से पहले 11 जनवरी को लगभग 45 लाख लोगों ने स्नान किया तो वहीं 12 जनवरी को 65 लाख लोगों के स्नान करने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ। इस तरह महाकुम्भ से दो दिन पहले ही एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान का रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। वहीं महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.70 करोड़ लोगों ने स्नान कर रिकॉर्ड बनाया तो अगले दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति अमृत स्नान के अवसर पर 3.50 करोड़ लोगों ने संगम में श्रद्धा के साथ डुबकी लगाई। इस तरह, महाकुम्भ के पहले दो दिनों में 5.20 करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके अलावा, 15 जनवरी को महाकुम्भ के तीसरे दिन 40 लाख और 16 जनवरी को शाम 6 बजे तक 30 लाख लोगों ने संगम स्नान किया। इस तरह, स्नानार्थियों की संख्या ने 7 करोड़ की संख्या को पार कर लिया।

# जिलाधिकारी ने किया 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो व सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की समीक्षा

**● पुलों का निर्माण समय से पूर्ण न करने परएक्सईन के विरूद्ध कार्यवाही का दिया निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में रुपए 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो व परियोजनाओं तथा सीएम डैश बोर्ड पोर्टल की समीक्षा की गयी। बैठक में जल निगम के परियोजनाओं के कार्यो की समीक्षा की गयी और जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा जल निगम की परियोजनाओं की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत किया जाये। सेतु निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि दिसम्बर माह में 03 पुलों का निर्माण पूर्ण करना था जो अभी तक पूर्ण नही किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि सेतु निर्माण के एक्सईन के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाये। पर्यटन विभाग की समीक्षा में पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड प्रयागराज को पैसा मिलने के बावजूद भी कार्य नही किया जा रहा है जिसके लिये शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीएनडीएस आदि के निर्माण कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी प्रकार पूर्वान्चल विकास निधि व सांसद निधि की समीक्षा कर परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2023 के पहले के जो कार्य अभी तक पूर्ण नही है सम्बन्धित संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही करें और वर्ष 2023-24 के कार्य फरवरी माह तक पूर्ण कर लिये जाये।



संबंधितों के साथ कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजनाओं से प्रशासकीय विभाग से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण किया जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। सीएम डैशबोर्ड पर उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप, मण्डी सचिव, पूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार की रैकिंग काफी खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत करते हुये कहा कि रैकिंग में सुधार लायें अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार डूडा विभाग, परिवहन विभाग, खनन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निर्माण, अल्पसंख्यक विभाग, समाज कल्याण, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की भी रैकिंग ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों की रैकिंग में सुधार लाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैकिंग ठीक रखें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### भगवान की कथा का श्रवण अमृतफल का पुण्यदायी : आचार्य अतुल



**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे बंशी गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य अतुल महराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा जीवन के सुमंगल का मार्गदर्शन है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लीलावतार हमें नैतिक पथ पर सुचरित्र जीवन की प्रेरणा दिया करता है। आचार्य अतुल जी ने कहा कि कलियुग में भगवान की कथा का श्रवण मात्र मनुष्य को अमृतफल प्रदान किया करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए हमें सत्य मार्ग पर अनेक कठिनाईयों के बीच भी अडिग रहने की प्रेरणा दी है। कथा के दौरान बांके बिहारी के सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा की संयोजिका कुन्ती देवी तथा ज्योति प्रसाद दुबे ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर कुलदीप दुबे, रामेन्द्र दुबे, सुधीर मिश्र, विकास तिवारी, राकेश शुक्ला, आदर्श दुबे, गंगेन्द्र प्रसाद तिवारी, आदित्य दुबे, आशीष दुबे व धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास



**बेलखरनाथ धाम।** किराने की दुकान का शटर काटकर चोरों ने चोरी का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहे। इलाके में लगातार हो रही चोरी के मामले का खुलासा न होने पर व्यापारियों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शीतलागंज बाजार निवासी आदर्श जायसवाल की दीवानगंज पूरे पांडे बेलखरनाथ रोड पर किराने की दुकान है। बुधवार की देर रात अज्ञात चोर शटर तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहे थे। दुकानदार के जग जाने पर चोरगाली देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर वापस लौट गई। इलाके में हो रही लगातार चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में थाना प्रभारी कंधई अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से बनाया शारीरिक संबंध, शिकायत

**पट्टी।** शादी का झांसा देकर युवती से एक युवक वर्षों से शारीरिक संबंध बनाता रहा।शादी का दबाव बनाने पर अब वह शादी करने से इनकार कर रहा है। दलित युवती ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक युवती अपने परिजनों के साथ शुक्रवार की शाम 5 बजे पट्टी कोतवाली आई। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया की एक युवक वर्षों पूर्व शादी का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब वह शादी का दबाव बना रही है तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। उसे जाति सूचक शब्दों से गालियां दी। शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी दी । युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि दोनों के बीच बरसों से प्रेम संबंध चलने की बात प्रकाश में आई है। मामले की जांच की जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें : डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता चमेला देवी, लक्ष्मी, बड़की, तारा देवी निवासीगण दरछुट थाना कन्धई ने शिकायत किया कि प्रार्थिनीगण की भूमि पर विपक्षी केशव प्रसाद, दीपक यादव, नीरज यादव, विपिन व विकास द्वारा जबरन मारपीट कर अवैध कब्जा, घर के दरवाजे के सामने जानवर बांधने व रास्ता बन्द करने तथा जबरन प्रार्थीगण के हरे पेड़ काट रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी व एसओ कन्धई को निर्देशित किया है कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई रास्ता अवरूद्ध न हो। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।



जनशिकायतें सुनते जिलाधिकारी

## सिर में गंभीर चोट लगने से हुई थी बुजुर्ग महिला की मौत

**● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारने पीटने हाथ टूटनें की पुष्टि**

**बेलखरनाथ धाम।** सिर पर गंभीर चोट के कारण वृद्ध महिला की मौत हुई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है।बता दें कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के रसोईया गांव निवासी देवकली पांडे की बुधवार सुबह घर के अंदर अचानक मौत से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बुजुर्ग महिला के सिर, तथा जबडे में गंभीर चोट के साथ हाथ टूटने की पुष्टि हुई है।सोमवार को मृतका ने दो विस्सा जमीन तीन लाख रुपए में बेची थी। मृतका अपनी बिटिया के एक बेटे के साथ रहती थी। गांव में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही है।इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जरूरतमंदो को एसडीएम ने बांटे कम्बल



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते एसडीएम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** क्षेत्र के पूरे तिलकराम गांव में गुरूवार को जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया। लालगंज एसडीएम नैंनसी सिंह ने ठण्ड से प्रभावित गरीब तबके के लोगों को कंबल प्रदान किया। ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदो के चेहरे पर राहत देखी गयी। एसडीएम ने कहा कि सरकार व जनता के सहयोग से जरूरतमंदो की सेवा का मिशन मजबूती से संचालित होगा। उन्होने कहा कि जरूरतमंदो की मदद सबसे बड़ा पुण्य हुआ करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान चंद्रमौलि शुक्ल व संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू ने किया। कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय लेखपाल केके सरोज ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, देवी प्रसाद मिश्र आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में दर्जन भर पर दर्ज हुआ मारपीट का केस

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया है। न्यू मार्केट घुइसरनाथ धाम में बीती सात जनवरी को जमीनी विवाद में दो पक्षों मे जमकर मारपीट हुई थी। मामले में प्रथम पक्ष के गौरव यादव पुत्र राममनोहर यादव की तहरीर पर पुलिस ने पूरे लक्ष्मण गोविन्दरामपुर निवासी रामफेर वर्मा समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले मे जांच के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष के रामफेर वर्मा की तहरीर पर गौरव यादव, नन्हें समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छुआछूत व भेदभाव मिटाने से ही सामाजिक समरसता संभव

**● मकर संक्रांति उत्सव एवं समरसता भोज का हुआ आयोजन**

**पट्टी/बेलखरनाथधाम।** समाज से छुआछूत व भेदभाव मिटाकर ही सामाजिक समरसता का वातावरण बन सकता है। यह तभी संभव होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचेगा।यह बातें बाबा बेलखरनाथ धाम के गनईडीह गांव में आयोजित मकर संक्रांति उत्सव के साथ सामाजिक समरसता भोज पर आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस पूर्वी उत्तर प्रदेश के सहक्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचेगा तथा उसे एहसास होगा कि मैं भी समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकता हूं। छुआछूत की बीमारी किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी में नहीं आई है, बल्कि सदियों से चली आ रही दुर्व्यवस्था का परिणाम है जिसे आने वाली पीढी भुगत रही है।उन्होंने राम के आदर्श पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा गुडऔर तिल की महिमा का बखान करते हुये कहा कि हिंदू समाज अंगूर की तरह है, वह जब दानों में बिखर जायेगा तो उसकी कीमत घट जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुये कहा कि आठवीं शताब्दी से लेकर आज तक सनातन धर्म बिखरा हुआ है, जिसे जोडने के लिये हम सभी को सामाजिक समरसता का वातावरण बनाना होगा। कार्यक्रम के पश्चात शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी ने अपना आभार व्यक्त किया।अध्यक्षता कर्नल जयराम सिंह ने की। इस दौरान भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ छोटे भईया, बाबा बेलखरनाथ धाम सेवा समिति के अध्यक्ष शीतला सिंह मदन, डॉक्टर दिनेश मौर्य, गोसेवक संतोष सिंह, के. के. शर्मा, पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह, रिंकू सिंह, प्रशांत सिंह बबलू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन आलोक कुमार पाण्डेय की ओर से बाबा बेलखरनाथ धाम के मुख्य पुजारी विश्वनाथ गिरि सहित बाबा शांति दास, विजय शंकर पांडे, सुरेंद्र दुबे तथा अन्य क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया गया।



## खेल से होता है मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकास

**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंधौर में गुरूवार को क्रिकेट टूनार्मेण्ट का शुभारंभ हुआ। आजाद स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस टूनार्मेण्ट का मुख्य अतिथि राणा सूबेदार सिंह ने समारोहपूर्वक उदघाटन किया। उदघाटन मैच आरके एकेडमी और कैफ इलेवन के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होनें कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ ही खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर सहभागिता निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष गिरि दीपक ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष गुफरान अहमद ने खिलाडियो व अतिथियों का स्वागत किया। संरक्षक मो. ईसा खान ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रामऔतार वर्मा, एजाज अहमद, मो0 अयान, गयादीन वर्मा, अमित तिवारी, प्रवेश यादव, नागेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शासन की योजनाओं का लाभ पाने के लिए जागरूक होना जरूरी : एडीजे सुमित पंवार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार के निर्देशन में सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत महुली स्थित रेखा सदन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला जज व सचिव सुमित पवार ने मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमित पवार द्वारा स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत जागरूकता गोष्ठी में अपर जिला जज ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगो को कानूनी मदद देकर उनकी सहायता की जा सकती है। इस अवसर पर सचिव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अर्जित करने के लिए जागरूक होना जरूरी है। इस अवसर पर जेल विजिटरध्अधिवक्ता मध्यस्थ विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी ने प्री लिटिगेशन, लोक अदालत, मध्यस्थता सम्बन्धी सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, प्रीलिटि्रगेशन महिला उत्पीडन, घरेलू हिंसा, वैवाहिक विवाद, बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रोशन लाल उमरवैश्य, विवेक उपाध्याय एडवोकेट, शिवेश शुक्ल एडवोकेट, प्रेम कुमार त्रिपाठी, ओपी गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।इसी क्रम में उन्होंने महुली स्थित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया उन्होंने यहां की साफ सफाई व्यवस्था, रसोई को देखा, वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी लिया और संबंधित को समस्या के समाधान का आवश्यक निर्देश दिया। वृद्धा आश्रम की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश प्रबन्धक को दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजे सुमित पंवार

# गड़वारा बाजार में लगाया गया स्वागत शिविर



**प्रतापगढ़।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत व सहायता के लिए नगर पंचायत गड़वारा बाजार में स्वागत शिविर की व्यवस्था की गई है। यह शिविर डेढ़माह तक संचालित किया जाएगा। महाकुंभ में स्नान हेतु जाने के लिए श्रद्धालुओं को यहां पर चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई है। बुधवार को स्वागत शिविर में ईओ अभय रंजन की देखरेख में कई जरूरतमंदों को चाय बिस्किट आदि नाश्ता उपलब्ध कराया गया। ईओ अभय रंजन ने बताया कि यह स्वागत शिविर महाकुंभ के चलने तक जारी रहेगा। इधर से जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को यहां चाय नाश्ते की व्यवस्था दी गयी है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू, कार्यालय के बडे.बाबू नितिन द्विवेदी, महेश सोनी, मनीष सिंह लंबरदार, अमित विश्वकर्मा, कैलाश उमरवैश्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**पट्टी।** कैंसर पीड़ित युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा था। बुधवार की देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गोपापुर के रहने वाले अखिलेश तिवारी कैंसर से पीड़ित थे। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक के एक बेटी व दो बेटे हैं। बेटा आदित्य, आनंद पत्नी साधना का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

### हैण्डपम्प खोल ले गये चोर

**प्रतापगढ़।** बाउण्ड्री के अंदर लगे हैण्डपम्प को अज्ञात चोर खोल ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने गुरूवार को पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के सराय जगत सिंह गांव निवासी दीपक पाण्डेय पुत्र बृजभूषण पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके घर पर बाउण्ड्री के अंदर लगा हैण्डपम्प बुधवार की रात अज्ञात चोर खोल ले गये। पीड़ित का यह भी आरोप है कि चोर बाउण्ड्री में लगी सरिया भी उठा ले गये। जिससे उसे हजारों का नुकसान उठाना पडा। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# समस्याओं के समाधान न होने पर भड़के वकील, एसडीएम का किया घेराव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** अधिवक्ताओं की लंबित समस्याओं के समाधान न होने से आक्रोशित वकीलों ने गुरूवार को तहसील परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथी अधिवक्ता रामछबीले यादव के जमीनी विवाद तथा अंकुर तिवारी के पुलिसिया उत्पीड़न से खफा वकीलों ने तहसील गेट पर एसडीएम का घेराव किया। करीब घंटे भर विरोध प्रदर्शन के दौरान वकील एसडीएम पर इन समस्याओं के निस्तारण में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर नाराज दिखे। एसडीएम नैंनसी सिंह ने समस्याओं के समाधान के लिए वकीलों को त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकील सुबह से ही परिसर में विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस बीच एसडीएम नैंनसी सिंह तहसील पहुंची तो गेट पर ही वकीलों ने उनका घेराव शुरू कर दिया। संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि बार बार मांग रखने के बावजूद अधिवक्ता उत्पीड़न पर प्रशासनिक कार्रवाई संतोषजनक नही है। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने तथा जमीनी विवादों में गठित टीमों के द्वारा भी तहसील में कार्रवाई असंतोषजनक है। एसडीएम ने दो दिनों के भीतर समस्याओं के निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। तब वकीलों का गुस्सा शांत हो सका। महामंत्री सूर्यकांत निराला ने कहा कि दो दिनों के भीतर कार्रवाई संतोषजनक न दिखी तब अधिवक्ता आर पार का संघर्ष शुरू करेंगे। इस दौरान अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, राम मोहन सिंह, संतोष पाण्डेय, रामकुमार पाण्डेय, केबी सिंह, कुलदीप तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, पण्डित दुबे, राकेश तिवारी गुडडू, शिवरंजन यादव, बीडी पटेल, गिरिजाकांत दुबे, नामवर सिंह, सिंटू मिश्र, राहुल मिश्र, नीरज सिंह, लाल अंकित प्रताप सिंह, शिव प्रसाद यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



एसडीएम का घेराव करतं अधिवक्ता

# कहासुनी विवाद के बाद बिगड़ा माहौल वीएचपी का प्रदर्शन

## स्थानीय पुलिस की सक्रियता से टला बड़ा विवाद भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** दुकान में खरीदारी के दौरान दूसरे धर्म के लोगों द्वारा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के खिलाफ शब्दों का प्रयोग करने के चलते दो समुदाय आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया जहां दोनों समुदाय के सैकड़ो लोग एकत्र हो गए। मामले में तनाव की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मोर्चा सम्भला दोनों पक्षों को थाने ले आई। मामले में तहरीर के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिले शिकायती पत्र में पीड़ित शिवा पटेल पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम सोनारन का पुरवा अम्बावा पश्चिम ने बताया कि गुरुवार को मैं अपने चचेरे भाई के साथ समदा बाजार में जूता खरीदने गया था। जूता का रेट अधिक देने पर मैं लेने से इनकार कर दिया इस पर खान जूता वाले अच्छे ने कहा कि औकात नहीं है जूता खरीदने चले आये हो, और गाली गलौज करते हुए कहा कि सरकार के के चलते तुम गुंडा हो गए हो। इस पर लाडले फर्नीचर वाले ने कहा कि इसको पता चलना चाहिए कि हम लोग कौन हैं हम नहीं चाहेंगे तो तुम सब यहां नहीं रहने पाओगे। इसके ललकारने पर लल्लन का लड़का नौशाद, इमरान, नान खुटका, अल्ताफ, खुश नसीब, शानू, निराले, हरियाली, मुन्ना कुंजरा इसके दोनों लड़के के साथ लगभग दो दर्जन लोगों ने घेर लिया। अल्लाह हू अकबर के नारे लगाकर हम सबके साथ मारपीट करने लगे और दांत काट लिया। मेरे गले में भगवा कपड़ा पड़ा था जिनको इन्होंने पैर से कुचलकर और फाड़ दिया। इन सब से मेरी भावनाएं आहत हुई है। मामले की जानकारी पाकर इलाके से सैकड़ो लोग एकत्र हो गए सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक यशवंत यदुवंश भी अपने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ पहुंच गए देखते-देखते कोतवाली छावनी में तब्दील हो गई। मामले में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने मुख्यालय पर बैठकर धरना एवं प्रदर्शन भी किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सर्वेश पटेल, रूपेन्द्र पुष्पेंद्र पांडे, शिवम पांडे, वीरेंद्र दिवाकर, दीपक मौर्य, हनुमान पटेल, शिवा पटेल, पंकज पटेल, अक्षय प्रताप, प्रीतम मौर्या, कामता प्रसाद सिंह, तारीफ यादव, कार्तिकेय मिश्रा महेंद्र पासी अनुज विक्रम आदि लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने 09 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने के दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शानुसार किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने और योजनाओं से किसानों को जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन योजना संचालित की गई है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्रों से कृषकां का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा हैं। इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 09 सीएससी सेंटरों जिसमें-विपिन गुप्ता नेवादा कादीपुर, विपिन केसरवानी सिंधिया भरवारी, सुरजीत कुमार चमन्धा, भगवत प्रसाद कुशवाहा देवीगंज, राधा कृष्ण चरवा, उमेश कुमार पाण्डेय पश्चिम शरीरा, नीलमणि पाण्डेय पश्चिम शरीरा, राजकुमार करनपुर सौरई एवं अभिषेक सिंह जगन्नाथपुर उदहिन बुजुर्ग की आई0डी0 निरस्त करने के निर्देश दियें।

# राजस्थान से महाकुंभ मेला प्रयागराज स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओ की कार और डीसीएम में टक्कर



**कौशाम्बी।** जनपद के मझंनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर मे मझंनपुर की तरह से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम और उसी तरह जा रही कार सिफ्ट ओवर टेक करने के चक्कर में डीसीएम और कार मे बुधवार की शाम टक्कर लग गई जिसमे कार सवार श्रद्धालु बाल बाल बच गए और डीसीएम चालक व परिचालक भी बाल बाल बचे बेंगलोर से कटहल सब्जी लोडिंग कर मुडेरा मंडी डीसीएम जा रही थी सूचना पर मझंनपुर पुलिस ने पहुँच कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित रैन बसेरा मे ठहराते हुए जल पान चाय नास्ता भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराया सूचना पर नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी जी भी रैन बसेरा पहुँच कर श्रद्धालुओं का हाल चाल और कुशलता की जानकारी लेते हुए चाय नास्ता कराकर हर सम्भव मदद करने का अश्वासन दिया जिससे श्रद्धालुओ ने राहत की सांस ली है डीसीएम चालक और गाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे मे लेकर पूछताछ कर रही है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने निकाली युवा संदेश यात्रा




**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिले के सरसावा नगर इकाई द्वारा गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस युवा पखवाड़े के अंतर्गत सरसावा नगर के कार्यकताओं ने बैजनाथ अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज गंगापारी एवं नित्य सरस्वती ज्ञान मंदिर टेवा के विद्यार्थियों के साथ मिलकर युवा संदेश पदयात्रा निकाली पदयात्रा में स्वामी विवेकानंद जी का क्या संदेश सुंदर सुहाना भारत देश, भारत माता की जय के नारों के साथ कस्बों में भ्रमण किया। नगर मंत्री वंश केशरवानी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है ।जो ज्ञान शील एकता के मंत्र के साथ कार्य करता है ।विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद जी को ही अपना आदर्श माना है। नगर अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसको विद्यार्थी परिषद युवा पखवाड़े के रूप में मानती है यह कार्यक्रम 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती तक चलने वाला है। हर विद्यार्थी को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर चलना चाहिए ।इस दौरान जिला संगठन मंत्री अश्विनी सिंह ,नगर उपाध्यक्ष मणि शंकर केसरवानी महामाया महाविद्यालय के इकाई अध्यक्ष गौरव मिश्रा, नीरज यादव नगर सह मंत्री ,अनिल साहू नगर सह मंत्री, अक्षय पाल एसएफडी नगर संयोजक, शिवम मिश्रा खेलो भारत संयोजक, सहित भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## ई-लाटरी से 17 जनवरी को उदयन सभागार में चयनित होंगे किसान

**कौशाम्बी।** कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत रू0 10000 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यन्त्र/वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-11 एवं 83 की ई-लाटरी के सम्बन्ध में, कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई बुकिंग के सापेक्ष जनपद स्तर पर ई-लाटरी का आयोजन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में दिनॉक-17 जनवरी 2025 को सम्राट उदयन सभागार में दोपहर 12.00 बजे से आयोजित की जायेंगी। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि जिन कृषकों द्वारा कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं में बुकिंग हुयी है, उन समस्त कृषकों की बुकिंग कन्फर्म की जा चुकी है, इसलिए उनके लिए ई-लाटरी की आवश्यकता नही है। ई-लाटरी में चयनित कृषकों को उनके मो0न0पर एस0एम0एस0 के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना दी जायेंगी। इसी प्रकार ई-लाटरी में प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को उनके मो0न0पर एस0एम0एस0के द्वारा प्रतीक्षा सूची क्रमांक की सूचना दी जायेगी। ई-लाटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेंगी। लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में यन्त्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लाटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों को चयन किया जायेंगा। ई-लाटरी में चयनित न होने वाले समस्त कृषकों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। आवेदन के समय कृषक द्वारा जमा की गयी जमानत धनराशि को कृषक के विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत बैंक खाते में वापस किया जायेगा एवं जिन कृषकों द्वारा आवेदन किया गया है वे सभी प्रतिभाग कर सकतें है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष-2025 की कक्षा-06 की प्रवेश परीक्षा दिनांक 18 जनवरी को

**कौशाम्बी।** प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय श्री अरूण कुमार जायसवाल द्वारा अवगत कराया गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष-2025 की कक्षा-06 की प्रवेश परीक्षा दिनांक 18 जनवरी 2025 (शनिवार) को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक परीक्षा केन्द्रां-एसएबी इंटर कालेज सैनी कड़ा, हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी, नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, एमबी कानवेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज ओसा, भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी, महगांव इंटर कॉलेज महगांव एवं डॉ0 रिजवी स्कूल करारी में परीक्षा आयोजित की जायेंगी। जिसमें कुल 3853 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**कौशाम्बी।** शिक्षित बेराजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक-17 जनवरी 2025 को आरवीएस प्रा. आईटीआई चलौली, चायल के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी श्री गौतम घोष ने देते हुए अवगत कराया कि रोजगार मेले के संबंध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकतें है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

## मामूली बात पर हुई मारपीट

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के नया नगर प्रथम मंझनपुर निवासी हाफिज अहमद उर्फ मलिक पुत्र मोहम्मद राशिद ने कोडड गांव में बाल कटिंग की दुकान खोल रखी है 15 सितंबर को हाफिज अपने दोस्त के खाते में पैसा फोनपे के माध्यम से भेज रहा था जिसका नंबर गलत हो जाने के कारण सौरभ पुत्र राजेश विश्वकर्मा निवासी ओसा के खाते में 300 रुपए चला गया पीड़ित ने सौरभ विश्वकर्मा से पैसा वापस मांगा सौरभ ने पीड़ित को कहा कि पैसा वापस नहीं करेंगे 14 जनवरी को सौरभ पुत्र राजेश अपने तीन साथियों के साथ दुकान पर पहुचा शीशे को तोड़ने लगा हाफिज ने विरोध किया तो सौरभ विश्वकर्मा ने तीनों साथियों के साथ हाफिज को खींचकर लात घूसो से मारपीट की।

## कौशाम्बी में नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति लागू

**कौशाम्बी।** एडीएम अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एव नो हेलमेट एवं नो फ्यूल रणनीति लागू करने के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्प मालिकों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति बिना हेलमेट के प्रेट्रोल पम्प में तेल लेने के लिए आते हैं, उन्हें तेल न दिया जाय, हेलमेट लगाकर आने वालों को ही तेल दिया जाय। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि जिस टैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर लगा हो उसे ही तेल दिया जाय, जिस टैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा है उसे तेल न देने के साथ-साथ रिफ्लेक्टर लगवाने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने ईट-भट्ठा मालिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि भट्ठों में जो भी टैक्टर ट्राली कार्य कर रहें हैं, उनमें रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें, बिना रिफ्लेक्टर के कार्य करने वाले टैक्टर ट्राली वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने पेट्रोल पम्पों पर साफ-सफाई एवं महिला/पुरुष शौचायल बनवाये जाने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल, नो शीट बेल्ट, नो फ्यूल के होर्डिंग लगवाने के भी निर्देश सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को दियें। इस अवसर पर एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, जिलापूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि, जयप्रकाश केसरवानी, सुरेश अग्रहरि, गुलाब चन्द्र, प्रमोद चन्द्र एवं पेट्रोल पम्प संचालकों सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस निस्तारण की हकीकत जानने गांव-गांव पहुंच रहे हैं डीएम

### जिलाधिकारी ने प्राप्त 03 आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण का स्वयं मौका मुआयना किया, निस्तारण सही पाये जाने पर जताई प्रसन्नता



**कौशाम्बी।** आईजीआरएस सदर्भ सं. 20017424017489 शिकायतकर्ता वीरेन्द्र कुमार पुत्र सन्त बहादुर निवासी मौली परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी द्वारा विपक्षीगणों द्वारा भूमि पर जबरन निर्माण करने के सम्बन्ध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र तहसीलदार चायल से जांच करायी गयी।

तहसीलदार की जॉच आख्यानुसार ग्राम मौली परगना व तहसील चायल की आराजी सख्या 681 मि. रकबा 0.0103हे. जो कि 5 खातों में विभक्त है। आराजी सं. 682 रकबा 0.297हे० दो खातो में विभक्त है, जो संक्रमणीय भूनियर के रूप में दर्ज है। दोनों पक्षों में पूर्वजों के समय से ही बटवारे को लेकर विवाद था। शिकायतकर्ता विरेन्द्र कुमार के द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी चायल के यहां बंटवारे के लिए धारा 116 का बाद योजित किया गया था, जिसका वाद संख्या टी202302420502819 है, परन्तु गाटा मिनजुमला होने के कारण प्रार्थी का वाद निरस्त हो गया था। प्रार्थी को बताया गया कि सहखातेदारों के बीच भौतिक विभाजन उ०प्र०राजस्व संहिता 2006 की धारा 30 (2) के अन्तर्गत न्यायालयः जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी के यहां योजित कर अनुतोष करें। वर्तमान में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इस दशा में विपक्षी को निर्माण करने से मना कर दिया गया है, विपक्षी सहमत रहा। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इसी प्रकार आईजीआरएस सन्दर्भ संख्या-40017424029924, 40017424029927, 40017424029926 एवं 20017424017457 अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें शिकायतकर्ता राजाराम पुत्र जगलाल निवासी बड़ी धन्नी परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी द्वारा भूमि की गलत नाप करने के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र का नायब तहसीलदार से जांच करायी गयी। नायब तहसीलदार की जांच आख्यानुसार ग्राम सैंता परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी की आराजी संख्या 35 में आवेदकगण 3/4 हिस्सों के काश्तकार है और विपक्षी 1/4 भाग का काश्तकार है। आराजी से रामवन गमन मार्ग प्रभावित है, जिसमे आराजी अब मुख्यमार्ग से जुड़ गई है और विपक्षी भी रोड की ओर भूमि चाहते है। इसलिए दोनो पक्ष को सुझाव दिया गया कि आप लोग स्वयं सहमति के आधार पर भौतिक विभाजन कर ले अन्यथा की स्थिति में न्यायालय उपजिलाधिकारी चायल के यहां उ०प्र० राजस्व संहिता 2006 की धारा 116 के अन्तर्गत वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इसी प्रकार आईजीआरएस सन्दर्भ संख्या-40017424029048 एवं440017424029050 शिकायत कर्ता एजाज अहमद आदि नि. ग्राम धन्नी परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी द्वारा ग्राम सैंता की भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध अतिक्रमण एवं पैमाइस के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में नायब तहसीलदार से जाच करायी गयी।

नायब तहसीलदार की जांच आख्यानुसार ग्राम सैंता की ऑ.स. 27/1.0000 हे. भूमि जो कि राम बन गमन परियोजना से प्रभावित है। अधिग्रहण के उपरान्त अवशेष भूमि पर आवेदकगण का कब्जा है। आवेदकगण का कथन है कि विपक्षी द्वारा हमारी भूमि को कब्जा किया जा रहा है, विपक्षी को आवेदक से सन्निकट भूमि पर किसी प्रकार का परिवर्तन के लिए रोक दिया गया है साथ ही साथ आवेदक को सुझाव दिया गया है कि अपनी भूमि की सरकारी पैमाइस उ.प्र.रा. संहिता 2006 की धारा 24 के अर्न्तगत उपजिलाधिकारी चायल के न्यायालय में बाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। जिसका भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में एडीएम ने की ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक






**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार द्वारा उदयन सभागार में अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भट्ठे में कार्यरत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने के लिए शत-प्रतिशत आवेदन फार्म भरवाकर प्रवेश दिलाया जाय। उन्होने कहा कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हैं।बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों को अटल आवासीय विद्यालय योजना के अन्तर्गत आवेदन तैयार कराने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उन्हांने बताया कि कक्षा-6 एवं कक्षा-09 में वर्तमान में ईट-भट्ठे में कार्यरत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के आवेदन कराने के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया। इस अवसर पर खनन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बस्ती में सूअरवाडा होने से ग्रामीण परेशान

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के फैजी पुर गांव में राजेंद्र पुत्र गुलाब के घर के सामने प्रकाश ने सुअर वाडा बना लिया है जिससे बस्ती में गंदगी रहती है और गांव के लोगों को परेशानी होती है एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान की बात कर रहे हैं दूसरी तरफ बस्ती में सूअर पालन करके लोग गांव में गंदगी कर रहे हैं जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारी उत्पन्न हो रही है और गांव के लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं शुगर पालने वाले लोग मना करने पर लड़ाई झगड़ा पर उतारू होते हैं और एससी एसटी का मुकदमा दर्ज करने की धमकी देते हैं जिससे गांव के लोग परेशान हैं 13 जनवरी की शाम को राजेंद्र ने सुअर वाडा हटाने के लिए प्रकाश से कहा जिस पर प्रकाश गाली गलौज करने लगा और कुल्हाड़ी लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया हालांकि राजेंद्र ने किसी तरह से भाग कर जान बचाई मामले की सूचना डायल पुलिस को दी गई है मौके पर डायल पुलिस पहुंची लेकिन उससे पहले आरोपी प्रकाश भाग गया है गांव में सूअर वाडा बनाए जाने के बाद स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही हैं ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बस्ती से सूअर वाडा हटाए जाने की मांग की है।

# न्यूज झरोखा

## सड़क पर जा रहे युवक से टकराया बाइक सवार दोनों घायल



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एमबी कॉन्वेंट स्कूल ओसा के पास सड़क पर जा रहे युवक से बाइक सवार टकरा गया है जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के ओसा गांव निवासी अवगल पुत्र इंदल गुरुवार की रात्रि लगभग 7:30 बजे ओसा चौराहे से गांव की ओर पैदल जा रहा था जैसे ही वह एमबी कॉन्वेंट स्कूल के पास पहुंचा पीछे से बाइक सवार राम जी पैदल जा रहे युवक से टकरा गया है जिससे बाइक सवार और पैदल यात्री दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं बताया जाता है कि पैदल यात्री अवगल का पैर टूट गया है हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

## बाइक से टकराया साइकिल सवार दोनों घायल



**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गिरसा चौराहा के पास गुरुवार की रात 7 बजे बाइक से साइकिल सवार टकरा गया है हादसे के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दिया हैं मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक महेश कुमार पुत्र छब्बेलाल निवासी बिसारा साइकिल से वापस घर लौट रहे थे जैसे ही वह रसूलपुर गिरसा चौराहे के पास पहुंचे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी है हादसे में दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं और दोनों घायल हो गए हैं सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने गंभीर घायल महेश कुमार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है बाइक सवार की स्थिति सामान्य है वह चला गया है उसका नाम नहीं मिल सका है

## ट्रांसफार्मर से तेल एवं कॉपर क्वाइल चोरी

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पश्चिम शरीरा पावर हाउस के ट्रांसफार्मर से तेल एवं कॉपर क्वाइल चोरी की घटना प्रकाश में आई है उपकेंद्र पश्चिम शरीरा अवर अभियंता आकाश सिंह ने मंझनपुर पुलिस को बताया कि 33 /11 विद्युत उपकेंद्र पश्चिम शरीरा से पोषित ग्राम भगवतपुर चौराहे पर लगा 250 केवीए परिवर्तन को दिनांक 9/ 1 /2025 को लगभग 2:00 बजे रात में अज्ञात लोगों द्वारा फीडर को फॉल्ट कराकर उक्त परिवर्तन का तेल एवं कॉपर क्वाइल चोरी कर लिया गया है परिवर्तन की बॉडी एवं कोर को वही प्लिप्थ से नीचे छोड़ दिया गया है।

# राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अच्छू भाई का स्वागत

### प्रदेश अध्यक्ष कुसुम केसरवानी ने कहा कि जब किसी व्यापारी की जरूरत होगी उसकी मदद की जाएगी




**अझुवा कौशांबी** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की बैठक अरविंद केसरवानी के अध्यक्षता में मूरतगंज में आयोजित की गई थी जिसमें नगर पंचायत अझुवा के सैय्यद फारूक हसन उर्फ अच्छू भाई को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है तथा व्यापारियों की समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई और उसके समाधान के लिए सुझाव मांगे गए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के कौशांबी में गठन पर राष्ट्रीय मंत्री ने जिले के सैकड़ों व्यापारियों की उपस्थिति में माल्यार्पण कर नव सृजित पद सौंपा, इस कार्यक्रम में एडवोकेट राम प्रकाश मिश्रा, पितंबर लाल केसरवानी,विवेक केसरवानी, सुरेश अग्रवाल, उपांशु केसरवानी धर्मेंद्र केसरवानी, रमन केसरवानी सहित जिले भर के सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के प्रदेश अध्यक्ष कुसुम केसरवानी ने कहा कि जब किसी व्यापारी की जरूरत होगी उसकी मदद की जाएगी उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद बाबू टाटा ने कहा कि हमारा संगठन 7 प्रदेशों में चल रहा है और बहुत जल्द उत्तर प्रदेश में संगठन को सक्रिय किया जाएगा उन्होंने कहा कि हम लोग ऑनलाइन व्यापार का विरोध करते हैं विशिष्ट अतीत की उपस्थिति में व्यापार मंडल का गठन हुआ है नव निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है। वहीं मनोनीत होने के बाद अझुवा पहुंचे सैय्यद फारूक हसन उर्फ अच्छू भाई का स्थानीय व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया है। मालूम हो जिले के व्यापारियों की प्रदेश एक राष्ट्रीय स्तर पर लड़ाई लड़ने में लिए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का कौशांबी में गठन किया गया है, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के कौशांबी जिला अध्यक्ष अरविंद केसरवानी को बनाया गया है वही गौरव केसरवानी मोनू को युवा व्यापार संगठन का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के राष्ट्रीय मंत्री ओंकार नाथ केसरवानी ने अरविंद केसरवानी को संगठन का जिला अध्यक्ष बनाया। वही गौरव केसरवानी मोनू को युवा व्यापार संगठन का जिला अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई है। महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा केसरवानी ने भरवारी कस्बे की ज्योति केसरवानी को प्रदेश की महामंत्री घोषित किया अभिजीत केसरवानी को प्रदेश में मंत्री का पद भार सौंपा गया है।

# सम्पादकीय

## कुम्भ पर चन्द्रशेखर के वाजिब सवाल

**सोमवार** को पौष पूर्णिमा पर स्नान एवं कल्पवास की शुरूआत के साथ प्रयागराज में गंगा तट पर महाकुम्भ आरम्भ हो गया है जो 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक चलेगा। इंतजामात के लिहाज से इसे एक बड़ा आयोजन समझा जा रहा है कि क्योंकि पहली बार यह बेहद भव्य व विस्तृत परिसर में होगा। कहा जा रहा है कि इस दौरान इसमें 40 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है जबकि व्यवस्था 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लायक हुई है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मेले को अपनी प्रशासकीय कुशलता का एक उदाहरण बनाने पर तुले हैं परन्तु वहीं आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने इसे लेकर कुछ बेहद वाजिब सवाल उठाये हैं जिन पर पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर विचार किया जाना चाहिये। 'एक्स' पर डाली एक पोस्ट में उन्होंने आयोजन के प्रबन्ध पर योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार के पास बहुत शक्ति होती है। 'अगर वह चाहे तो कोई असम्भव काम भी सम्भव हो सकता है। केवल 6 माह में रेत पर पूरा शहर बसा देना इसका उदाहरण है। यह बतलाता है कि सरकार कोई भी चुनौती को स्वीकार कर ले तो किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है।' आजाद ने सरकार की प्राथमिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'जब बात आती है देश के गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित, आदिवासी और महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा की, तो सवाल उठता है कि यदि इन आयोजनों को इतने बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा सकता है तो शिक्षा, चिकित्सा, महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार और बच्चों के भविष्य के लिए क्यों नहीं इस तरह की इच्छाशक्ति दिखाई जा रही है?' रविवार को उन्होंने यह बयान दिया था जिसे लेकर हंगामा होना स्वाभाविक था। उन्होंने कहा कि 'जो लोग वहां अपने पाप धोने जायें वे कोरोना के वक्त उसी गंगा में बहा दी गयी लाशों को भी याद करें जिन्हें उपचार की सुविधा नहीं मिल पाई थी।' अपने बयान पर अडिग रहते हुए आजाद ने कहा कि 'जितना पैसा कुम्भ पर लगाया गया है उतना अगर देश के युवाओं की शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार देने पर लगाते तो बहुत से परिवारों के आंसू सूख जाते।'

सोमवार को इसी बयान के सन्दर्भ में जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें निमंत्रण मिला तो क्या वे कुम्भ जायेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि 'उन्होंने कोई पाप नहीं किया है इसलिये उन्हें जाने की जरूरत नहीं है। न मैंने पाप किये हैं और न ही मैं वहां धोने जा रहा हूं।' जाहिर है कि इसकी प्रतिक्रिया होती और वैसा ही हो रहा है। विभिन्न धर्मगुरु और नेता उन्हें कोस रहे हैं। उन्होंने इसे और स्पष्ट करते हुए कहा कि हमने बचपन से सुन रखा है कि गंगा में नहाने से पाप धुलते हैं। इस पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि 'क्या कभी चन्द्रशेखर कुम्भ में आये हैं? यदि आयें तो वे ऐसे निष्पापी व्यक्ति के दर्शन करना चाहेंगे।' पीठाधीश्वर रामविलास दास वेदान्ती तो चन्द्रशेखर पर इस कदर नाराज हुए हैं कि उन्होंने यहां तक कह डाला कि महाकुम्भ में केवल पुण्यात्मा जाते हैं, पापी नहीं।

# इंडिया ब्लॉक अब जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, इसका जीर्णोद्धार आवश्यक

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

**अब** तक सभी जानते हैं कि इंडिया ब्लॉक लगभग निष्क्रिय हो गया है, खासकर महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव के बाद, मुख्य रूप से कांग्रेस नेतृत्व की इंडिया ब्लॉक को सक्रिय बनाने में रुचि न होने के कारण। दिल्ली में कांग्रेस अपने इंडिया ब्लॉक पार्टनर आप के साथ जो कर रही है, वह अन्य सहयोगियों के लिए भी काफी निराशाजनक है।

दिल्ली चुनाव ने साफ तौर पर दिखा दिया है कि विपक्षी इंडिया ब्लॉक अब जीर्ण-शीर्ण घर बन चुका है, जिसमें दीवारें और खंभे टूटकर गिर रहे हैं। यह कहना कि इसके दो सहयोगी दल - कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) अलग हो गये हैं, कमतर आंकना होगा, क्योंकि कांग्रेस न केवल आप को सत्ता से हटाने की पुरजोर कोशिश कर रही है, बल्कि दिल्ली कांग्रेस के नेता अजय माकन ने आप और उसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर इतने तीखे हमले किये कि आप नेताओं ने धमकी दी कि अगर कांग्रेस अपने दिल्ली नेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है, तो वे कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक से हटाने के लिए दबाव बनायेंगे।

इसके बाद, इंडिया ब्लॉक के कई सहयोगियों ने दिल्ली चुनाव में आप का समर्थन किया और कांग्रेस विपक्षी खेमे में अलग-थलग पड़ गयी। अजय माकन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष हैं और दिल्ली और राष्ट्रीय स्तर पर एक कद्दावर नेता भी हैं। 25 दिसंबर को दिल्ली में प्रदूषण, नागरिक सुविधाओं और कानून व्यवस्था के कुप्रबंधन के लिए आप और भाजपा को निशाना बनाते हुए 12-सूत्रीय 'श्वेत पत्र' जारी करने के बाद उन्होंने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को 'देशद्रोही' और 'फजीवाल' कहा। इंडिया ब्लॉक में किसी भी समझदार नेता ने, यहां तक कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेताओं ने भी आप और केजरीवाल पर इस तरह के हमले का समर्थन नहीं किया।

आप ने पहली बार दिसंबर 2013 में कांग्रेस की शीला दीक्षित के उत्तराधिकारी के रूप में दिल्ली की बागडोर संभाली थी, जो 1998 से राज्य पर शासन कर रही थीं। केजरीवाल कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने, क्योंकि उस समय आप केवल 28 सीटें जीत सकी थी अपनी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल करने के लिए कांग्रेस लालच में है और गठबंधन धर्म के खिलाफ और जमीनी हकीकत के खिलाफ आप पर चौतरफा हमला करने की योजना बना रही है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप इस समय कई राजनीतिक परेशानियों से गुजर रही है, जिसमें एक दशक से अधिक समय से सत्ता विरोधी लहर और आप की संगठनात्मक ताकत का कमजोर होना शामिल है, लेकिन कांग्रेस का यह अनुमान लगाना गलत है कि वह इंडिया ब्लॉक में अपने ही सहयोगी पर हमला कर के असाधारण लाभ उठा सकती है। कांग्रेस के लिए बेहतर होता कि वह चुनाव, सीटों और सत्ता से परे इंडिया ब्लॉक के महत्व को समझती।

देश बड़े पैमाने पर समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और संघीय राजनीति से अत्यधिक केंद्रीकृत अति-दक्षिणपंथी हिंदुत्व की राजनीति की ओर राजनीतिक बदलाव के नाजुक दौर से गुजर रहा है। इस लिहाज से इंडिया ब्लॉक को न केवल बचाने की जरूरत है, बल्कि सही दिशा में फिर से सक्रिय करने के लिए भी नया रूप देने की जरूरत है। कांग्रेस के लिए चुनाव और



सीटें इस समय देश के समग्र राजनीतिक माहौल को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की तर्ज पर आगे बढ़ाने से कम प्रासंगिक हैं, क्योंकि 2025 में दो राज्यों- दिल्ली और बिहार- में इसके ज्यादा दांव नहीं लगे हैं। दोनों राज्यों में, इंडिया ब्लॉक के क्षेत्रीय सहयोगी आप और आरजेडी मजबूत हैं। कांग्रेस 2026 में असम में भाजपा के साथ अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, जबकि केरल में वह वामपंथी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पुडुचेरी और तमिलनाडु में कांग्रेस मजबूत क्षेत्रीय पार्टी की कनिष्ठ सहयोगी है, जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी प्रमुख है और विधानसभा में एक भी सीट नहीं होने के कारण कांग्रेस हाशिए पर है। इन राज्यों में चुनाव परिदृश्य को राष्ट्र के व्यापक हित के लिए कांग्रेस को सही राजनीतिक रास्ते से भटकने नहीं देना चाहिए। पार्टी को देश में अगले दो वर्षों में राज्य चुनाव से परे देखना चाहिए। पार्टी को अब इंडिया ब्लॉक और गठबंधन धर्म की अनदेखी नहीं करनी चाहिए, अन्यथा उसे 2027 में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के समर्थन की आवश्यकता होगी, जब उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और गोवा जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होंगे। अब तक सभी जानते हैं कि इंडिया ब्लॉक लगभग निष्क्रिय हो गया है, खासकर महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव के बाद, मुख्य रूप से कांग्रेस नेतृत्व की इंडिया ब्लॉक को सक्रिय बनाने में रुचि न होने के कारण। दिल्ली में कांग्रेस अपने इंडिया ब्लॉक पार्टनर आप के साथ जो कर रही है, वह अन्य सहयोगियों के लिए भी काफी निराशाजनक है। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने और उनकी पार्टी ने कभी भी अपने सहयोगियों की संयुक्त बैठक बुलाने की परवाह नहीं की। यही कारण है कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने यह बयान दिया कि इंडिया ब्लॉक को नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता है और टीएमसी नेता ममता बनर्जी को इसका नेता बनाया जाना चाहिए। यहां तक कि एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने भी कहा है कि ममता एक 'सक्षम नेता' हैं। कांग्रेस नेतृत्व को बिहार में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान में दिये गये संकेत को और भी गहराई से समझना चाहिए, क्योंकि राज्य में 2025 के अंत में चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का मतलब सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए था, उन्होंने आगे कहा कि-'अगर बिहार की बात करें, तो यहां हम पहले भी महागठबंधन के तहत साथ थे।' उन्होंने वास्तव में इस तथ्य की ओर इशारा किया कि कांग्रेस की बिहार में कोई खास प्रासंगिकता नहीं है।

समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने भी दिल्ली चुनाव में आप का समर्थन किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सुझाव दिया है कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव से आगे काम नहीं करना है तो इंडिया ब्लॉक को भंग कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस के साथ गठबंधन हमारे लिए मात्र सीटों के बारे में नहीं था' जो संयुक्त विपक्षी इंडिया ब्लॉक के वास्तविक उद्देश्य को दशार्ता है। उन्होंने इंडिया ब्लॉक के भविष्य पर स्पष्टता की कमी पर भी अफसोस जताया।

'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है। कौन नेतृत्व करेगा? एजेंडा क्या होगा? गठबंधन कैसे आगे बढ़ेगा? इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई है। इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि हम एकजुट रहेंगे या नहीं,' अब्दुल्ला ने कहा। ये सभी बातें दशार्ती हैं कि एक संयुक्त विपक्ष के रूप में इंडिया ब्लॉक को दिल्ली चुनाव खत्म होने के बाद तत्काल बैठक करने की जरूरत है, ताकि वह खुद को नया रूप दे सके और देश के व्यापक हित में इसे फिर से सक्रिय बनाया जा सके, अन्यथा भारतीय राजनीति में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और संघीय गणराज्य की जगह और सिकुड़ जायेगी।

# तीर्थाटन और पर्यटन



**- अनुपम मिश्र**

**आज ती**र्थाटन पर्यटन में बदल गया है। सैर-सपाटे पर जाने का, या कहें विज्ञापन छापकर जबरन सैर करवाने का पूरा एक नया उद्योग खड़ा हो चुका है। तीर्थयात्राएं अभी भी हो रही हैं, पर वे भी इसी पर्यटन का हिस्सा बन गई हैं। उन्हें बाजार की पैसा कमाने वाली व्यवस्था ने निगल लिया है। उत्तर से दक्षिण तक के बड़े-बड़े मंदिर, तीर्थ-स्थान अब कंप्यूटर से जुड़ गए हैं। ई-आरती, ई-बुकिंग, ई-दर्शन, ई-यात्रा - भगवान का सब कुछ बाजार ने अपनी लालची तिजोरी में डाल लिया है।

बोरिया-बिस्तर बांधना एक पुराना मुहावरा है, लेकिन इसका अर्थ हमेशा एक-सा नहीं रहा। एक जगह से ऊब गए तो बोरिया-बिस्तर बांध चल पड़े देशाटन को। जी हां, तब पर्यटन शब्द चलन में नहीं था, पर देशाटन के लिए निकलने वालों की कोई कमी नहीं थी। अपने आसपास या दूर को जानना-पहचाना, लंबे निकल जाना और लौटकर बिना बुद्धू बने घर वापस आना खूब चलता था। इस देशाटन में दिशाएं, पड़ाव या मंजिल, कुछ भी तय नहीं रहता था।

तीर्थाटन इससे बिल्कुल अलग था। दिशा, जगह, पड़ाव, मंजिल, मौसम सब कुछ तय रहता था। तीर्थ सब दिशाओं में थे। सचमुच उत्तर, दक्खिन, पूरब और पश्चिम। तीर्थ भी सब धर्मों के- केवल हिंदुओं के नहीं, जिनमें अन्य धर्मों के लोग भी आते-जाते थे। हर पीढ़ी की ऐसी इच्छा होती कि अपनी अगली पीढ़ी के हाथों घर-गिरस्ती सौंपने से पहले एक बार इनमें से कुछ तीर्थों के दर्शन कर ही लें। शरीर में सामर्थ्य हो तो अपने दम पर, नहीं तो श्रवण कुमारों की भी कोई कमी नहीं थी जो अपने बूढ़े माता-पिता को 'बहंगी' में उठाकर सब दिखा-घुमा लाते थे।

ये तीर्थ भी दो तरह के माने गए थे। एक 'स्थावर' यानी किसी विशेष स्थान पर बने, जहां लोगों को पुण्य कमाने खुद ही जाना पड़ता था। लेकिन कुछ ऐसे भी तीर्थ थे, जिन तक जाना नहीं पड़ता था - वे आपके घर-दरवाजे स्वयं आकर दस्तक देते थे। ऐसे तीर्थ 'जंगम-तीर्थ' कहलाते थे - यानी चलते-फिरते तीर्थ। समाज में बिना स्वार्थ साधे सबके लिए कुछ-न-कुछ अच्छा करते-करते कुछ विशेष लोग संत, विभूति 'जंगम-तीर्थ' बन जाते थे। उनका घर आ जाना तीर्थ जैसा पुण्य दे जाता था।

समय के साथ बहुत-सी चीजें, व्यवस्थाएं बदलती हैं। सब कुछ रोका नहीं जा सकता, लेकिन हमें पता तो रहे कि हमारे आसपास धीरे-धीरे या खूब तेजी से क्या-कुछ बदलता जा रहा है। आज के पर्यटन से पहले देशाटन और तीर्थाटन था और सब जगह इसके साथ एक पूरी अर्थ-व्यवस्था थी। उससे तीर्थों के आसपास के अनगिनत गांव, शहर भी जुड़े रहते थे। वह आज के पर्यटन उद्योग की तरह नहीं था। एक तरह का ग्रामोद्योग या कुटीर उद्योग था।

उदाहरण के लिए बदरीनाथ या हिमालय की 'चार धाम यात्रा' को ही लें। यह तीर्थ यात्रा साल में कोई छह महीने चलती थी। पूरे देश से लोग यहां आते थे। हिमालय में तब सड़कें नहीं थीं। मैदान में बसे हरिद्वार या ऋषिकेश से शुरू होकर सारी यात्रा पैदल ही पूरी की जाती थी। प्रारंभिक पड़ाव में धर्मशालाएं थीं।

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत** में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा सन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा सन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा सन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे सन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का ह्लअष्टाध्यायीह्ल व पातंजलि का ह्लमहाभाष्याधायीह्ल का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था।

अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व





स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें। मैं यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन

प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो ।
समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो ॥

सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोक उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये।

# पुलिस ने अभीयुक्तों सहित तमंचा, जिंदा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनपद के थाना गहमर पुलिस द्वारा चोरी की 06 मोटरसाइकिलों, एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ 02 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 पुष्पेश चन्द्र दुबे चौकी प्रभारी सेवराई मय हमराह कर्म0गण के साथ देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित व्यक्ति चेकिंग वाहन क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर की सूचना पर भदौरा दिलदारनगर बार्डर स्थित




फरीदपुर पुलिया से 02 नफर अभियुक्तगण

1. सुल्तान अंसारी पुत्र इमामूद्दीन अंसारी निवासी ग्राम उसिया (सतिनरवा मुहल्ला) थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर उम्र 24 वर्ष, 2. लालू कुमार पुत्र सुब्बा राम निवासी ग्राम उसिया दक्षिण मुहल्ला हरिजन बस्ती थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से 06 अदद चोरी की दो पहिया मोटरसाइकिल व एक अदद अवैध तमंचा देशी .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम में उ0नि0 पुष्पेश चन्द्र दुबे चौकी प्रभारी सेवराई मय हमराह थाना गहमर उपस्थित रहे।

# पंजाब नेशनल बैंक ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों और व्यापारियों के साथ की बैठक

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद थाना कोतवाली अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक ने एक रिसॉर्ट में कोल्ड स्टोरेज मालिकों और व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें बैंकिंग सेवाओं और उद्योगों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक की शुरूआत दीपक सिंह, अंचल प्रमुख, द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र सिंह और मंडल प्रमुख अमित कुमार सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में बैंक अधिकारियों ने व्यापारियों और कोल्ड स्टोरेज मालिकों को बैंक की योजनाओं और ऋण सेवाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही, बैंक



ने व्यापारियों को ऋण समस्याओं के समाधान के लिए अपना सहयोग देने की बात भी कही। व्यापारियों ने क्षेत्र में एक नई शाखा खोलने की मांग की, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस पर बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में प्रपोजल पहले ही भेजा जा चुका है। बैठक का संचालन नवीन सिंह ने किया और अंत सभा अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद करते हुए बैठक का समापन किया।

# बिजली विभाग को इंतजार है किसी दुर्घटना का

**गाजीपुर। जनपद** के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के हाटा गांव में जगह-जगह घरों की ऊंचाई से भी नीचे बिजली के तार झूल रहे हैं। यह जर्जर और ढीले तार हादसों को दावत दे रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने झूलते हुए तारों के बारे में अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है।जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई जा रही है। यह तार पूर्व प्रधान रजनीकांत राय के घर से लेकर मुरेश पटेल के घर तक लटका हुआ है। गांव के लोगों ने कई बार बिजली विभाग और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। वर्षो से लकड़ी के पोल के सहारे खड़ा जर्जर तार कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है।गांव के लोगों से बात चित में पता चला बिजली विभाग की लापरवाही। छोटे छोटे बच्चे जर्जर तारों के नीचे खेलते नजर आते दिखे जिससे कभी भी हो सकती है दुर्घटना। वहीं हाटा गांव में बिजली के तार कई वर्षों से ढीले हैं। जब तेज हवा चलती थी तो इन तारों से स्पार्किंग होती है। स्पार्किंग होने के चलते ग्रामीणों ने बिजली के तारों में ईट बांधकर लटका दिया। तेज हवा में बिजली के तारों में लगी ईटें नीचे गिरने का डर बना रहता है। गांव में कई पोलों पर लगे तारों का जाल बना हुआ हैं। जिसके चलते बिजली पोल में करंट का डर बना रहता है, लेकिन इसके बाद भी विभाग की नींद नहीं टूटती है।आज भी गांव में जगह-जगह बिजली के पोलों पर लगे तार टूटे हुए भी हैं। जिनसे बरसात में खतरा बना रहता है। मोहम्मदाबाद कोतवाली के हाटा गांव में रोड पर ट्रांसफार्मर खुले में रखे हुए हैं। ट्रांसफार्मर के आसपास कोई भी सुरक्षा जाली नहीं लगी हुई है। तार खुले होने के चलते आवारा जानवर इसकी चपेट में आने की संभावना बनी रहती है।

# चित्रकूट में बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए हुआ विशेष अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जी एन के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा की देख-रेख में जनपद चित्रकूट को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए, महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बस स्टैण्ड कर्वी में किया गया। जिसमें शादी जैसे शुभ कार्यों के आयोजन में बाल विवाह की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई।

बैठक में खरमास समाप्त होने के बाद विवाह के आयोजन में बाल विवाह की संभावना के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कर्मकाण्डी ब्राम्हण, नाई, बैण्ड पार्टी, माली, हलवाई, लाइट, टेंट डेकोरेशन व कार्यक्रमों को संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया गया। हिदायत दी गई कि विवाह कार्यक्रम आयोजित करने से पहले लड़के (वर) की उम्र 21 वर्ष व लड़की (वधु) की उम्र 18 वर्ष से कम न होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करें। बाल विवाह को रोकने को पुख्ता कदम उठाने का संकल्प लिया। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि यदि कोई बाल विवाह करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित परिवारों व सहयोगी प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में बाल संरक्षण इकाई चित्रकूट इस्पेक्टर सदानन्द, सिपाही त्रिभुवन सिंह, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना कर्वी चित्रकूट, महेन्द्र शुक्ला, श्रम अधिकारी, श्रम विभाग, ममता वर्मा, राम सागर, पंडित टोटू शास्त्री, पंडित सालिगराम शास्त्री, चन्द्र किशोर सविता, दीपक सविता पुरुषोत्तम सैनी, बिट्टू यादव, कौशल कुमार, शेरा यादव हलवाई, मंगी राजपूत समेत मौजूद रहे।


बैठक में चर्चा करते जिलाधिकारी

# विधायक अनिल प्रधान ने पुलिया चौड़ीकरण की अपील, मिला सकारात्मक जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट के सदर विधायक अनिल प्रधान ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर क्षेत्र के प्रयागराज-झांसी मार्ग में शिवरामपुर पुलिस चौकी के पास संकरी पुलिया के चौड़ीकरण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। पत्र में विधायक ने तर्क दिया था कि इस पुलिया के संकरे आकार के कारण आए दिन यातायात बाधित होता है व दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पत्र नौ दिसंबर 2024 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्राप्त हुआ व इसके सकारात्मक जवाब में उन्होंने बताया कि विधायक के भेजे गए पत्र को संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया गया है, ताकि मुद्दे पर शीघ्र कार्यवाही की जा सके। विधायक अनिल प्रधान के इस प्रयास ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने का संदेश दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कदम से राहत मिलेगी क्योंकि इस मार्ग पर रोजाना भारी वाहनों की आवाजाही रहती है व संकरी पुलिया से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विधायक की पहल न केवल क्षेत्रीय विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि साबित करती है कि उनके नेतृत्व में जनता की समस्याओं के समाधान को हमेशा तत्पर हैं। सभी की नजरें संबंधित अधिकारियों व केंद्रीय मंत्री के अगले कदम पर टिकी हैं जिससे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान हो सके।

## न्यूज झरोखा

### कम्प्यूटर ऑपरेटर संदीप पटेल को मिली एएसआई की पदोन्नति

**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण ने गुरुवार को थाना बहिलपुरवा में कम्प्यूटर ऑपरेटर संदीप पटेल को विभागीय परीक्षा में सफलता के बाद एएसआई के पद पर प्रोन्नत किया। एसपी ने कंधे पर स्टार लगाकर अलंकृत किया व मुंह मीठा कराते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। संदीप पटेल की प्रोन्नति पुलिस विभाग में उनके समर्पण व कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर थानाध्यक्ष राम सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### सुपर चैलेंज कप बरेठी में आरके सिंह पटेल ने दी खेलों को बढ़ावा देने की प्रेरणा

**चित्रकू ट।** एक जनवरी से चल रहे सुपर चैलेंज कप क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत गुरुवार को पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व बैटिंग कर मैच का शुभारंभ किया। मैच के मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।आरके सिंह पटेल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के तहत जिले व पिछड़े क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। युवाओं को शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पटेल ने कहा कि अब गांव-गांव में खेल स्टेडियम व संसाधनों का विकास हो रहा है, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। युवाओं को मोबाइल की लत से बचने की सलाह दी व कहा कि मोबाइल वरदान हो सकता है, लेकिन अत्यधिक उपयोग अभिशाप बन सकता है।भाजपा के वरिष्ठ नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने पूर्व सांसद के योगदान की सराहना की व कहा कि गांव में अच्छा स्टेडियम बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामलाल वर्मा, हनुमान प्रसाद, शिवबली सिंहए शंकर यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



### खेल से स्वास्थ्य और प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संगम : पिंटू द्विवेदी

**मऊ (चित्रकूट)।** खेल स्वस्थ्य जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। अगर हम खेल को अपनी दिनचर्या में नियमित रूप से शामिल करें तो हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। यह बात नगर पंचायत मऊ के कैलाश विहार शिव बाबा मंदिर के प्रांगण में गुरूवार को महादेव क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मऊ मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि पिंटू द्विवेदी ने कही। पिंटू द्विवेदी ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेल से न केवल शरीर बल्कि मानसिक रूप से मजबूती मिलती है। आगे कहा कि खेल से प्रतिस्पर्धा का जन्म होता है, जहां हार-जीत तो स्वाभाविक है, लेकिन विचलित होने की बजाय बेहतर प्रदर्शन को निरंतर प्रयास करना चाहिए। मऊ नगर पंचायत चेयरमैन अमित द्विवेदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में निरंतरता, धैर्य व साहस की भावना पैदा करता है। क्षेत्रीय प्रतिभाओं को बाहर लाता है जो क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम में पिंटू द्विवेदी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया व दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन मैच श्रीरामजानकी स्पोर्टिंग क्लब मंडौर व आजाद नगर मऊ के बीच खेला गया। आजाद नगर की टीम 12 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जबकि श्रीरामजानकी स्पोर्टिंग क्लब मंडौर ने आसानी से यह मैच जीत लिया। अजय त्रिपाठी को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। एम्पायर की भूमिका में दीपू त्यौंथा व रवि राय ने अहम योगदान दिया, जबकि कमेन्ट्री में संजय द्विवेदी व अंकित शुक्ला की प्रमुख भूमिका रही। इस मौके पर नगर पंचायत मऊ के अन्य सदस्य, खेल प्रेमी व सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।



### बरगढ़ पुलिस ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थाना बरगढ पुलिस ने ग्राम कलचिहा के वन क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ मऊयामीन अहमद के पर्यवेक्षण में पुलिस ने सफलता प्राप्त की। 24 दिसंबर 2024 को ग्राम चौकीदार भोला प्रसाद ने पुलिस को सूचना दी कि कलचिहा के परानू बाबा के जंगल में पत्थरों व घास से ढका एक शव मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की व शव की पहचान मृतक आनंद निषाद उर्फ हर्षित के रूप में की। मृतक के परिजनों ने घटनास्थल से बरामद सामान से उसकी पहचान की। पूछताछ में आरोपी भूपेंद्र यादव उर्फ नीरज यादव ने खुलासा किया कि एक माह पहले उसने व उसके फूफा अंकित यादव ने मृतक आनंद निषाद को साथ लाकर शराब पिलाई फिर पत्थरों से उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद, मृतक के कपड़े जलाए व शव को छिपाने को पत्थरों से ढक दिया। पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर आलाकत्ल पत्थर व अन्य महत्वपूर्ण सामान बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पंकज तिवारी, दारोगा राधेश्याम सिंह, राजेश कुमार यादव, आदित्य कुमार, सिपाही उपेन्द्र कुमार, रोहित सिंह, पीयूष शरण श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### चित्रकूट में सौर ऊर्जा योजना से किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ

**चित्रकूट।** परियोजना अधिकारी यूपी नेडा एके श्रीवास्तव ने गुरूवार को जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के क्रियान्वयन को जनपद चित्रकूट में विभिन्न क्षमता के मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प का सोलराईजेशन होगा। योजना में 3, 5, 7, 6 व 10 एचपी के पम्पों को सोलर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा।

अनुसूचित जनजाति, वनटंगिया व मुसहर जाति के किसानों को 30 प्रतिशत केंद्र व 70 प्रतिशत राज्य सरकार से अनुदान मिलेगा, जबकि अन्य किसानों को 30 प्रतिशत केंद्र व 60 प्रतिशत राज्य सरकार से अनुदान मिलेगा। किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराईजेशन का लक्ष्य रखा गया है। आवेदन यूपीनेडा के पोर्टल पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे। किसान अधिक जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी यूपी नेडा चित्रकूट से संपर्क कर सकते हैं।

# धर्मनिरपेक्षता की धज्जियां उड़ाता सेंट थॉमस : छात्रों के अधिकारों पर हमला!

**• जय श्रीराम बोलने पर छात्र को परीक्षा देने से रोका • विश्व हिंदू परिषद ने किया तीखा विरोध**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी के सेंट थॉमस सेकेंडरी स्कूल में जय श्रीराम के नारे को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कक्षा 10 के छात्र हर्ष पांडे को स्कूल के गेट पर जय श्रीराम कहने के बाद प्री.बोर्ड परीक्षा में बैठने से रोका गया। स्कूल प्रशासन व फादर की इस कार्रवाई पर छात्र के परिजन ने कड़ा विरोध जताया है।

गुरूवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया जमकर पर वायरल हो रहा हैए जिसमें छात्र के पिता ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन ने जानबूझकर बेटे को परीक्षा में बैठने से रोका। आरोप है कि गेट पर जय श्रीराम कहने के कारण स्कूल के फादर ने छात्र के खिलाफ कदम उठाया। मामला और गर्म तब हुआ जब छात्र के अभिभावक के स्कूल आने पर भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया गया। स्थिति उस समय नियंत्रण में आई जब डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई।

घटना की जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने विद्यालय प्रबंधन का घेराव करके जय श्री राम का उद्घोष किया। विद्यालय प्रबंधन व प्रिंसिपल से सवाल किया कि क्या जय श्री राम बोलना अपराध है व क्या एक छात्र को इस कारण क्लास से बाहर निकाला जा सकता है। वार्ता के बाद, विद्यालय के प्रिंसिपल ने गलती स्वीकार की व छात्र से माफी मांगी। साथ ही विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नीरज केसरवानी ने विद्यालय प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी व कहा कि भविष्य में अगर ऐसा हुआ तो संगठन एक बृहद आंदोलन करने को बाध्य होगा। आंदोलन में नीरज केसरवानी, अंकित प्रताप सिंह, रोहित पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


विद्यालय में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नीरज केसरवानी

### स्कूल प्रशासन का बचाव : सच या बहाना

जब इस मामले में स्कूल प्रशासन से पूछा गयाए तो उन्होंने आरोपों को नकारते हुए बताया कि मामला बीते 23 दिसंबर के क्रिसमस गेट.टुगेदर से जुड़ा है। दावा है कि छात्र ने कार्यक्रम में अनुशासनहीनता दिखाई व दूसरे नारे लगाए थे। फादर ने कई बार छात्र के अभिभावक को मीटिंग में बुलायाए लेकिन वे मिलने नहीं आए।

### सोशल मीडिया पर आक्रोश

मामला सामने आते ही सोशल मीडिया पर लोगों ने धार्मिक भेदभाव का मुद्दा बना लिया। स्थानीय लोगों व समाज के विभिन्न वर्गों ने घटना की निंदा करते हुए स्कूल प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। क्या जय श्रीराम कहना गुनाह है ? क्या किसी छात्र को धार्मिक पहचान के आधार पर परीक्षा देने से रोका जा सकता है? मामला अब धार्मिक भावनाओं व शिक्षा व्यवस्था के बीच गंभीर बहस का मुद्दा बन गया है।

### धर्मनिरपेक्षता पर सवाल

सवाल है कि क्या जय श्रीराम कहना भारत में अब अपराध माना जाएगा क्या स्कूल प्रशासन भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है? मामला धार्मिक पक्षपात व छात्र अधिकारों के हनन का ज्वलंत उदाहरण है। जब एक छात्र को उसकी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर रोका जाता है, तो यह संविधान के अनुच्छेद 25 (धार्मिक स्वतंत्रता) व अनुच्छेद 21ए (शिक्षा के अधिकार) का सीधा उल्लंघन है।

# पत्रकार सेवा समिति चित्रकूट की मासिक बैठक सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**● पत्रकारहितों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पत्रकार सेवा समिति चित्रकूट की मासिक बैठक जिला मुख्यालय स्थित सोनेपुर रोड कर्वी में गुरूवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रामबाबू कुशवाहा थे। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया व पत्रकारों के हितों के बारे में महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने संबोधन में पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न व फर्जी मुकदमों के मुद्दे उठाए और समाधान को ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। कहा कि पत्रकार समाज की आवाज हैं व उनके अधिकारों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता है। इसमें पत्रकारों ने समस्याओं पर चर्चा की, जिनमें न्यूज कवरेज में आने वाली कठिनाइयों को प्रमुख रूप से उठाया गया। बैठक में पत्रकार निरंजन पांडेय, रूपचंद पांडेय, अनिल सिंह (ओमकार) व अन्य सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और संगठन की मजबूती के लिए सुझाव दिए। साथ में यह निर्णय लिया गया कि संगठन की बैठक हर महीने एक बार तहसील व ब्लॉक स्तर पर की जाएगी व पत्रकार उत्पीड़न के मामलों पर प्रदेश स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। समिति ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मीडिया प्रभारी का पद रोहित मौर्या को सौंपा। बैठक का समापन संगठन की एकता व मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।



पत्रकार सेवा समिति चित्रकूट की मासिक बैठक में मौजूद पत्रकारगण

# न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोपी को सजा व अर्थदंड

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुधवार को चित्रकूट में पुलिस ने पैरवी की। जिससे न्यायालय सिविल जज सी0डि0 चित्रकूट सुश्री सोनम गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोपी रमेशचंद्र श्रीवास्तव को न्यायालय उठने तक की सजा व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

मामला कोतवाली कर्वी कें आरोपी रमेशचंद्र श्रीवास्तव के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज अपमान निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। मामले में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार सिपाही अशोक बाबू द्वारा गहन पैरवी की गई, वहीं सहायक अभियोजन अधिकारी ने प्रभावी बहस प्रस्तुत की जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने परिषदीय विद्यालयों में समय परिवर्तन की मांग



**बांदा।** जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ने परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक करने का अनुरोध किया है । जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि जनपद में भयंकर शीतल एवं ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग द्वारा आगामी कुछ दिनों तक इसी तरह ठंड एवं शीतलहर जारी रहने का अनुमान जारी किया गया है। वर्तमान में जनपद में परिषदीय विद्यालयों का संचालन प्रातः 9:00 से 3:00 बजे चल रहा है। भीषण ठंड एवं शीत लहर के कारण प्रातः 9:00 बजे से विद्यालयों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे दिन भर ठिठुर रहे हैं ठंड के कारण कई बच्चों को उल्टी दस्त (कोल्ड डायरिया) आदि की शिकायत हो रही है। कई अभिभावक भी ठंड में बच्चों को विद्यालय भेजने से मना कर रहे हैं। ठंड व शीत लहर के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की पूर्ण आशंका है। मांग है कि जिला अधिकारी से भीषण ठंड एवं शीत लहर के कारण बच्चों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह सहित संयुक्त मंत्री विनोद कुमार शिवहरे, बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र वीर वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाल बहादुर, बबेरू ब्लॉक प्रभारी राम प्रकाश खरे, बिसंडा कार्यकारी अध्यक्ष अनुराग सिंह आदि उपस्थित रहे।

# झपट्टा मार गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**● मोबाइल छीनकर हुये थे फरार पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुये आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**बाँदा।** सूनसान स्थानों पर राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले 02 अभियुक्तों को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा सूचना के 02 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार ।अभियुक्तों ने थाना कालिंजर क्षेत्र के ग्राम बरुआ के पास से व्यक्ति का छीना था मोबाइल फोन । अभियुक्त के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद । पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा सूनसान स्थानों पर राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले शिवम अहिरवार विमल अहिरवार पुत्रगण हरिविनोद निवासी श्रीनगर थाना सिँहपुर जनपद सतना मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कालिंजर क्षेत्र के ग्राम बरुआ के रहने वाले विद्यानन्द राजपूत पुत्र भगवानदीन द्वारा थाना कालिंजर पर सूचना दी कि जब वह ग्राम बरुआ में एक नाई की दुकान के पास बैठा था तभी दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाश उसके हाथ से मोबाइल झपट्टा मारकर छीन ले गए । इस सम्बन्ध मे थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए तत्काल टीम गठित कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों की पहचान कर सूचना के 02 घण्टे के भीतर अभियुक्तों को कालिंजर-सतना बार्डर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तों के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन व घटना में शामिल मोटरसाइकिल बरामद हुआ है ।


पुलिस गिरफ्त में गैंग के सदस्य

### खपटिहा कला की गौशाला में बृहद खिचड़ी भोज का आयोजन

**बांदा।** मकर संक्रांति के पवन पर्व पर ग्राम विकास फाउंडेशन के तत्वाधान में पशु आश्रय स्थल खपटिहा कला में आज गुड, खिचड़ी, का बृहत कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में स्वामी लालता नन्द सरस्वती जी ने कहा कि इस गौशाला की उत्तम व्यवस्थाएं है सभी को सीख लेने की आवश्यकता है। इसी क्रम में हिंदू गौरक्षा महासंघ के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि यही एक मात्र ऐसी गौशाला है जहां पर पर्याप्त मात्रा में भूसा, चुनी, साइलेज, पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा है, तहसील अध्यक्ष ने कहा कि सफाई की व्यवस्था अच्छी है तथा चूनायुक्त पानी पिलाया जा रहा जिससे बीमारियों से बचाव मिल रहा है सभी गौवंश स्वस्थ है, डा अनिल कुमार शर्मा ने सभी लोगों से अपील की है कि ऐसे पुनीत कार्यों में सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे खपटिहा कला के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जहर सिंह ने 1100 रुपए का सहयोग प्रदान किया है इस अवसर पर जीतू सिंह राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में राजू शर्मा, अनूप सिंह, दिव्यांश त्रिपाठी, महेश सिंह, रामनरेश यादव, रामचंद्र पाल, रामबाबू वर्मा राजकुमार शर्मा, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सदर तहसील का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**बाँदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने तहसील सदर का किया आकस्मिक निरीक्षण। उन्होंने एसडीएम कोर्ट, भू-लेख अनुभाग, निर्वाचन के कार्यों, राजस्व लिपिक पटल, जनसुनवाई रजिस्टर, रिट याचिका रजिस्टर, बन्धक डॉक रजिस्टर, डॉक पंजिका, आर्थिक सहायता राजस्व, संग्रह अनुभाग, सहायक राजस्व लेखाकार पटल सहित इत्यादि पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन के कार्यों का निरीक्षण करते हुए सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि यदि कार्यों का सहीढंग से क्रियान्वयन नही किया गया तो ससपेंशन की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी कोर्ट की समीक्षा स्वयं करिए एवं राजस्व वादों का समबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एवं अलमारियों में फाइलों का रख-रखाव बेहतर ढंग से किया जाए, धूल, मिट्टी न जमने पाये। जो भी प्रार्थना पत्र आयें उनकी आख्या समय से लगायी जाए, यदि रिपोर्ट समय से नही आ रही है तो अनुस्मारक पत्र भेजा जाए तथा रजिस्टर में अंकन भी किया जाए तथा पत्र अनुभाग का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों को पेण्डिंग न रखा जाए, यदि किसी शिकायतकर्ता के द्वारा इस सम्बन्ध में कोई शिकायत आती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि तीन महीनों से ज्यादा समय से जो वारिस प्रमाण पत्रों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र पेण्डिंग हैं, उनकी सूची तत्काल बनाकर दी जाए साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि किस कारण से पेडिंग हैं।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, तहसीलदार राधेश्याम, नायब तहसीलदार सहित सम्बन्धित पटलों के पटल सहायक उपस्थित रहे।


सदर तहसील का औचक निरीक्षण करते जिलाधिकारी

# बतौर राष्ट्रपति बाइडेन का आखिरी संबोधन, दी सलाह- हमेशा सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ खड़े रहिए

**वाशिंगटन डीसी। अमेरिकी** राष्ट्रपति ने अपने आखिरी संबोधन में 8 महीने की बातचीत के बाद इजरायल और हमास के बीच हुए युद्धविराम और बंधक समझौते का जिक्र किया। कहा, यह समझौता मई में पेश की गई एक विस्तृत योजना का हिस्सा था, जिसे उनके प्रशासन ने तैयार किया था और भविष्य में इसे लागू किया जाएगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाले प्रशासन को पूरी जानकारी दी जाएगी, ताकि अमेरिका के सभी हिस्से एक साथ मिलकर काम कर सकें। उन्होंने अपनी विदाई में यह कहा कि अमेरिका का विचार समय के साथ मजबूत हुआ, जैसे स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी, जो अपनी स्थिरता और उन्नति को दशार्ता है।

राष्ट्रपति ने अमेरिका की विविधता, उसके सिद्धांतों और लोकतंत्र की रक्षा करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, " हमारा राष्ट्र हमेशा परीक्षा का सामना करता आया है। लेकिन यह हमारे साझा मूल्य, स्वतंत्रता, और समानता के सिद्धांतों पर बना हुआ है। नागरिकों से अपेक्षा है कि वे सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ खड़े रहें और अमेरिका के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें।"

यह उनका आखिरी संबोधन था, जिसमें उन्होंने अमेरिकी जनता को एकजुट रहने और संघर्षों से उबरने की अपील की।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका के विचारों पर विश्वास करना, उन संस्थाओं का सम्मान करना है, जो एक स्वतंत्र समाज को चलाती हैं। इनमें राष्ट्रपति पद, कांग्रेस, न्यायालय, और स्वतंत्र प्रेस शामिल हैं। ये संस्थाएं न केवल हमारे संविधान के सिद्धांतों को दशार्ती हैं, बल्कि वे स्वतंत्रता की घोषणा के मूल विचारों को भी जीवित रखती हैं।

उन्होंने बताया कि संविधान के सिद्धांतों, जैसे शक्तियों का विभाजन और संतुलन, हमारे लोकतंत्र को बनाए रखने में मदद करते हैं। भले ही यह प्रणाली पूरी तरह से परफेक्ट नहीं है, लेकिन यह करीब 250 वर्षों से हमारे लोकतंत्र को स्थिर रखे हुए है, जो किसी भी अन्य राष्ट्र से अधिक समय तक चला है।



बाइडेन ने कहा, " पिछले चार वर्षों में लोकतंत्र मजबूत हुआ है और उन्होंने यह भी बताया कि इस कठिन समय में वे हमेशा अमेरिकियों के लिए राष्ट्रपति बनने की अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे।" इसके साथ ही उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को एक बेहतरीन साथी बताते हुए धन्यवाद दिया।

राष्ट्रपति ने कहा कि सदी में एक बार आने वाली महामारी से निपटने में जो कर्मचारी लगे, उनकी मेहनत देखना उनके लिए गर्व का सबब रहा। स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों और पहले प्रतिक्रिया देने वालों की वीरता ने हमें सुरक्षित रखा। आर्थिक संकट के बावजूद, जो लोग हमारे अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खड़े हुए, उन्होंने लाखों अमेरिकियों को काम दिया। लाखों उद्यमी और कंपनियां नए व्यवसाय बना रही हैं और अमेरिकी श्रमिकों को रोजगार दे रही हैं।

राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि अमेरिका ने अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जैसे नई सड़कें, पुल, स्वच्छ पानी और हर अमेरिकी के लिए किफायती हाई स्पीड इंटरनेट।

# दक्षिण अफ्रीका : अवैध खदान में फंसे 246 श्रमिकों को बचाया गया, 78 शव बरामद



**जोहान्सबर्ग। तीन** दिनों के बचाव अभियान के दौरान दक्षिण अफ्रीका में एक बंद पड़ी सोने की खदान से 246 को जीवित बाहर निकाला गया है। वहीं 78 शवों बरामद किए गए हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, बुधवार रात 8:00 बजे जारी एक बयान में दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा (एसएपीएस) ने कहा कि उत्तर पश्चिमी प्रांत में स्टिलफोंटेन खदान में सोमवार को बचाव अभियान शुरू होने के बाद से 246 अवैध खनिकों को जमीन से जीवित निकाला गया है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं 78 शवों को बरामद किया गया है।

एसएपीएस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एथलेंडा मैथे ने सिन्हुआ को बताया, "हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि इस अभियान को बंद कर दिया गया है।"

उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब बचाव अभियान में शामिल कर्मियों ने मीडिया को बताया कि जमीन के नीचे कोई और जीवित व्यक्ति या शव नहीं बचा है।

मैथे ने कहा कि स्टिलफोंटेन में अभियान के लिए जिम्मेदार माइन रेस्क्यू सर्विस गुरुवार की सुबह एक पिंजरा जमीन के नीचे भेजेगी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई अवैध खनिक पिंजरे के साथ फिर से बाहर तो नहीं आया है।

उन्होंने स्पष्ट किया, "हम अपने अत्याधुनिक उपकरणों से इसकी पुष्टि करने के लिए माइन रेस्क्यू सर्विस पर निर्भर रहेंगे। उम्मीद है कि इससे हमें पता चल पाएगा कि आखिर अंदर क्या हो रहा है।"

प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस गुरुवार को बचाव अभियान के बारे में और जानकारी देगी।

स्टिलफोंटेन में बंद खदान शाफ्ट की स्थिति अगस्त 2024 से विकसित हो रही है, जब अवैध खननकताओं के छोटे समूह शाफ्ट से बाहर निकलने लगे थे। तब से कम से कम 1,576 अवैध खननकर्ता सतह पर आ चुके हैं और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि पुलिस के बयान के अनुसार इनमें से अधिकांश पड़ोसी देशों के विदेशी नागरिक थे। दक्षिण अफ्रीका में उत्पादन में गिरावट के कारण दशकों से बंद कई सोने की खदानों पर अवैध विदेशी खननकताओं ने कब्जा कर लिया है, जो अब सोने की तलाश में उन्हें फिर से खोल रहे हैं।

## सेना के बीच गुपचुप मीटिंग, क्या भारत को घेरने की हो रही तैयारी?



**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में मोहम्मद यूनुस की सरकार के आने के साथ ही मानो पाकिस्तान को एक और दोस्त मिल गया हो। बांग्लादेश और पाकिस्तान एक दूसरे के साथ तेजी से रक्षा संबंधों को बढ़ा रहे हैं। इसी सिलसिले में बांग्लादेशी सेना के उच्च रक्षा अधिकारी पाकिस्तान के दौरे पर पहुंचे। भारतीय सीमा पर दुश्मन पहले ही अपनी नजरें टिकाए बैठे हैं। उन पर घात लगाकर किसी भी वक्त वार करने के लिए तैयार हैं। चीन और पाकिस्तान का नाम भारत के सबसे बड़े दुश्मनों में शामिल है। लेकिन इसमें मानों एक और देश बांग्लादेश भी जुड़ रहा है। बांग्लादेश इन दिनों भारत के खिलाफ नीतियों पर काम कर रहा है। बांग्लादेश की हर हरकत पर भारत की नजर है। लेकिन एक और हरकत ऐसी है जो बांग्लादेश ने की है। इसे भारत हमेशा याद रखेगा और बांग्लादेश को भी याद दिलाएगा। वो मुल्क जो पाकिस्तान से अलग होकर एक पूरा देश बना। वहीं बांग्लादेश आज भारत के एहसानों को भूल रहा है। जिस भारत की मदद से भारत अस्तित्व में आया। आज वही बांग्लादेश भारत को दुश्मन बनाकर पाकिस्तान के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ बांग्लादेश सशस्त्र बल डिविजन के प्रिंसपल स्टाफ ऑफिसर जनरल एसएम कमरुल हसन नजर आए। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार के आने के साथ ही मानो पाकिस्तान को एक और दोस्त मिल गया हो। बांग्लादेश और पाकिस्तान एक दूसरे के साथ तेजी से रक्षा संबंधों को बढ़ा रहे हैं। इसी सिलसिले में बांग्लादेशी सेना के उच्च रक्षा अधिकारी पाकिस्तान के दौरे पर पहुंचे। इन्होंने पाकिस्तानी सेना के चीफ जनरल आसिम मुनीर से रावलपिंडी में मुलाकात की है। दोनों के मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई, जिसमें दोनों के बीच की दोस्ती की आहट महसूस की जा सकती है।

## घुटनों के बल आए, गाना भी गाया, इस देश के प्रधानमंत्री का जॉर्जिया मेलोनी को बर्थ डे विश करने का अंदाज जमकर हो रहा वायरल

**अबू धाबी**

**जब** दोनों नेता अबू धाबी में विश्व भविष्य ऊर्जा शिखर सम्मेलन में शामिल हुए तो रामा उन्हें गिफ्ट देने के लिए घुटनों के बल बैठ गए और तांती औगुरी (जन्मदिन मुबारक) गाया। रामा ने मेलोनी को बताया इस खास स्कार्फ को एक इतालवी डिजाइनर ने बनाया था, जो अल्बानिया में रहने लगा था। विपरीत राजनीतिक मान्यताओं के बावजूद दोनों नेताओं के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं।

अपना 48वां जन्मदिन मना रहीं इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया




मेलोनी उस वक्त आश्चर्यचकित हो गईं जब अल्बानियाई प्रधानमंत्री एडी रामा ने उन्हें बर्थ डे विश करने के लिए अपने घुटनों पर आ गए। एजी रामा ने इतालवी समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी को एक स्कार्फ का उपहार दिया और उनका स्वागत किया।

जब दोनों नेता अबू धाबी में विश्व भविष्य ऊर्जा शिखर सम्मेलन में शामिल हुए तो रामा उन्हें गिफ्ट देने के लिए घुटनों के बल बैठ गए और तांती औगुरी (जन्मदिन मुबारक) गाया। रामा ने मेलोनी को बताया इस खास स्कार्फ को एक इतालवी डिजाइनर ने बनाया था, जो अल्बानिया में रहने लगा था। विपरीत राजनीतिक मान्यताओं के बावजूद दोनों नेताओं के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं।

# भारत की तीन संस्थाओं को अमेरिका ने परमाणु प्रतिबंध सूची से हटाया

**वाशिंगटन। अमेरिका** ने इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेयर अर्थ्स को 'एंटीटी लिस्ट' से हटा दिया है। ये अमेरिकी कंपनियों के विशिष्ट सामानों के लिए निर्यात प्रतिबंध सूची के अधीन थीं। अमेरिकी उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) ने बुधवार को कहा कि इन निष्कासनों से ह्वइन संस्थाओं को हटाने से उन्नत ऊर्जा सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और विकास, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग में बाधाएं कम होंगी। यह अमेरिका और भारत की साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों को बढ़ावा देगा। इसमें आगे कहा गया कि ह्वअमेरिका और भारत शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग और संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही पिछले कई वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत किया गया है, जिससे दोनों देशों और दुनिया भर के उनके साझेदार देशों को लाभ हुआ है ह्व

निर्यात प्रशासन के लिए वाणिज्य के प्रधान उप सहायक सचिव मैथ्यू बोरमैन ने कहा, ह्वतीन भारतीय संस्थाओं को हटाने से अमेरिका और भारत के बीच अधिक महत्वपूर्ण खनिजों और स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए घनिष्ठ सहयोग संभव होगा। यह कार्रवाई अमेरिका-भारत साझेदारी की समग्र महत्वाकांक्षा और रणनीतिक दिशा के साथ संरेखित है और उसका समर्थन करती है ह्व

अमेरिका ने मई 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद इन और अन्य भारतीय संगठनों को इकाई सूची में शामिल किया था। उनमें से नौ को राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन के



दौरान 2015 में इकाई सूची से हटा दिया गया था। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के चार अधीनस्थ - आमार्मेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एआरडीई), डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब (डीआरडीएल), मिसाइल रिसर्च एंड डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स और सॉलिड स्टेट फिजिक्स लैबोरेटरी; और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चार अधीनस्थ - लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, सॉलिड प्रोपेलेंट स्पेस बूस्टर प्लांट (एसपीआरओबी), श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर (एसएचएआर), और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) इस सूची में शामिल थे। राष्ट्रपति ओबामा की पहली भारत यात्रा के दौरान 2010 में कुछ भारतीय संगठनों को सूची से हटा दिया गया था।

बुधवार को, बीआईएस ने इस इकाई सूची में 11 चीनी संगठनों को जोड़ने की भी घोषणा की। बीआईएस ने कहा कि उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान के विकास और एकीकरण के माध्यम से पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) के सैन्य आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के कारण दस संस्थाओं को एंटीटी लिस्ट में शामिल किया गया।

## इस तरह की उकसावे वाली टिप्पणियां हानिकारक...भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्री के बयान पर तिलमिलाया पाकिस्तान

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तानी** सेना ने एक बयान में पाकिस्तान के आतंकवाद का केंद्र होने संबंधी जनरल द्विवेदी की टिप्पणी को खारिज किया। उसने कहा कि इस तरह के राजनीति से प्रेरित और भ्रामक बयान भारतीय सेना के अत्यधिक राजनीतिकरण को दशार्ते हैं। आर्मी चीफ की तरफ से एलएसी से लेकर एलओसी तक देश को दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया गया। लेकिन आर्मी चीफ के बयान के बाद पाकिस्तान तिलमिलाता नजर आ रहा है। पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना और विदेश कार्यालय ने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस बयान को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद अपने पड़ोस में आतंकवाद का इंजन है, यह अत्यधिक दोहरेपन का क्लासिक मामला है। भारतीय सेना प्रमुख का यह कहना कि पाकिस्तान आतंकवाद का केंद्र है, न केवल तथ्यों के विपरीत है, बल्कि भारत की डिफॉल्ट स्थिति को मात देने की निरर्थक कवायद भी है - राज्य प्रायोजित क्रूरता की आंतरिक प्रतिक्रियाओं के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराना। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में पाकिस्तान के आतंकवाद का केंद्र होने संबंधी जनरल द्विवेदी की टिप्पणी को खारिज किया।

# इथियोपिया ने लेबनान से 164 नागरिकों को वापस बुलाया

**अदीस अबाबा। पूर्वी** अफ्रीकी देश इथियोपिया ने सुरक्षा कारणों से अपने 164 नागरिकों को लेबनान की राजधानी बेरूत से वापस बुला लिया। इथियोपिया के विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन नागरिकों का इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।

इथियोपिया के शरणार्थी और वापसी सेवा के महानिदेशक तेइबा हसन और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने इन नागरिकों का स्वागत किया। हसन ने बताया कि इथियोपिया सरकार विभिन्न देशों में सुरक्षा समस्याओं का सामना कर रहे नागरिकों को स्वदेश वापस लाने के प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इथियोपिया शरणार्थी और वापसी सेवा के माध्यम से विदेशों में कठिन परिस्थितियों में



रहने वाले अपने नागरिकों को सुरक्षित रूप से वापस लाने का काम जारी रखेगा।

इथियोपिया सरकार ने इससे पहले अक्टूबर 2024 में लेबनान से 51 नागरिकों को वापस बुलाया था। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम इथियोपिया सरकार की विदेशों में अपने नागरिकों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के डेटा के अनुसार, इथियोपियाई लोग लेबनान में सबसे बड़े प्रवासी समूहों में से एक हैं।

इथियोपिया और सोमालिया के बीच भी हाल ही में द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने पर सहमति बनी है। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद और सोमाली राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद के बीच अदीस अबाबा में एक बैठक के दौरान यह समझौता हुआ। दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने का निर्णय लिया। उन्होंने आपसी हितों के लिए घनिष्ठ सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बात पर गौर करते हुए कि क्षेत्र की स्थिरता के लिए दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास, भरोसे और सम्मान पर आधारित मजबूत सहयोग की आवश्यकता है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# जेफ बेजोस की कंपनी का अंतरिक्ष में बड़ा कदम, न्यू ग्लेन रॉकेट का किया गया सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

**अमेरिका**

**न्यू** ग्लेन रॉकेट एक ठोस कदम है ब्लू ओरिजन के पुनः उपयोगी रॉकेट कार्यक्रम में, जो भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा को अधिक सस्ता और स्थिर बनाएगा। एनजी-1 नाम के इस मिशन का उद्देश्य ब्लू रिंग पाथफाइंडर परीक्षण उपग्रह को कक्षा में स्थापित करके और रॉकेट के बूस्टर को अटलांटिक महासागर में एक ड्रोन जहाज पर उतारकर रॉकेट की क्षमताओं का प्रदर्शन करना था। न्यू ग्लेन का प्रक्षेपण नासा और अमेरिकी रक्षा विभाग जैसे ग्राहकों के लिए 10 बिलियन डॉलर के अनुबंधों के बैकलॉग को पूरा करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

जेफ बेजोस के स्पेस वेंचर ब्लू ओरिजिन ने 16 जनवरी को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से न्यू ग्लेन रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम की स्थिति और तकनीकी चुनौतियों की वजह से इसकी लॉन्चिंग में देरी हुई। लेकिन इसकी सफल लॉन्चिंग कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।, 320 फीट लंबा न्यू ग्लेन रॉकेट पुनः प्रयोज्यता का प्रदर्शन करके स्पेसएक्स के फाल्कन 9 के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। इस रॉकेट का प्रमुख उद्देश्य अंतरिक्ष मिशनों में पुनः उपयोगिता को बढ़ावा देना है, जिससे लॉन्च की लागत में कमी आए और अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए दक्षता में वृद्धि हो। न्यू ग्लेन रॉकेट एक ठोस कदम है ब्लू ओरिजन के पुनः उपयोगी रॉकेट कार्यक्रम में, जो भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा को अधिक सस्ता और स्थिर बनाएगा। एनजी-1 नाम के इस मिशन का उद्देश्य ब्लू रिंग पाथफाइंडर परीक्षण उपग्रह को कक्षा में स्थापित करके और रॉकेट के बूस्टर को अटलांटिक महासागर में एक ड्रोन जहाज पर उतारकर रॉकेट की क्षमताओं का प्रदर्शन करना था। न्यू ग्लेन का प्रक्षेपण नासा और अमेरिकी रक्षा विभाग जैसे ग्राहकों के लिए 10 बिलियन डॉलर के अनुबंधों के बैकलॉग को पूरा करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। ब्लू





ओरिजिन भी नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मनुष्यों को चंद्रमा पर भेजना है, और रॉकेट की सफलता उन्हें मस्क के स्पेसएक्स के साथ एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मजबूत करने में मदद करेगी। बेजोस ने ब्लूमबर्ग से कहा कि अंतरिक्ष के लिए नए उपयोग होने जा रहे हैं जिससे बड़ी क्षमता की मांग बढ़ने वाली है।